मेट्रो Rays आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 4 दिसंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष शुक्ल 3- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 88 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ लहरों के पहरेदार, पराक्रम अपार

बॉलीवुड अभिनेत्री नरगिस फाखरी की बहन आलिया को न्यूयॉर्क में गिरफ्तार! ◀◀ 6



ADMISSION OPEN 2025-26

Offline Registration forms are available in the school office on all working days from 9:00 AM to 2:00 PM.

Near Daladili Chowk, Agru, Ratu, Ranchi - 835222 (Jharkhand)

www.jkinternationalschool.co.in

7369017904, 7369017912





# रांची में कमर्शियल बिल्डिंग में लगी भीषण आग, एक दर्जन दुकान जलकर खाक



**मेट्रो रेज**

**रांची:** राजधानी के मेन रोड स्थित लालजी हीरजी रोड में मद्रास कैफे के पास स्थित एक कमर्शियल बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। जिसकी वजह से एक दर्जन के करीब दुकानें जलकर खाक हो गईं। जिस जगह पर आग लगी है, वह इलाका पूरी तरह से कमर्शियल एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। खासकर यह इलाका हार्डवेयर से जुड़े सामानों का हब है। आग लगने की वजह से करोड़ों का नुकसान हुआ है। कारोबारियों ने बताया कि आग लगने से सबसे ज्यादा बैटरी और इन्वर्टर के दुकानों को नुकसान पहुंचा है। घटना में हुए नुकसान का फिलहाल जायजा लिया जा रहा है, लेकिन 3 करोड़ से ज्यादा का नुकसान दुकानदारों को हुआ है। बता दें कि रांची का लालजी हीरजी रोड बेहद व्यस्त कमर्शियल इलाका है। हर दिन यहां करोड़ों का कारोबार होता है।

बुधवार की सुबह जैसे ही आग लगने की सूचना मिली दुकानदारों में भगदड़ मच गई। लालजी हीरजी रोड में मार्केट एक दूसरे से इतने सटे हुए हैं कि अगर आग फैलती तो पूरा बाजार ही जलकर राख हो जाता। गनीमत है कि दमकल की गाड़ियां वहां संकीर्ण गली के होते हुए भी समय से पहुंच गईं और 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

**घटना को लेकर जांच जारी :** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि आग लगने की सूचना पर पुलिस एक्टिव हुई और आनन-फानन में फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। हालांकि मामले की जांच के बाद ही यह खुलासा हो पाएगा कि आग कैसे लगी।

## प्लाईवुड-बिजली सामान के तीन गोदाम में लगी भीषण आग, करीब 2 करोड़ का नुकसान

**गिरिडीह:** पचंबा थाना क्षेत्र के बोड़ो में स्थित प्लाईवुड के दो और बिजली सामान के एक समेत कुल तीन गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने की यह घटना मंगलवार की मध्य रात्रि की बताई जा रही है। आग लगने की वजह से लगभग 2 करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस घटना में गोदाम में रखा प्लाईवुड समेत कई सामान के अलावा तीन मोटरसाइकिल और एक एक्सयूवी कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। घटना को लेकर बाबाधाम प्लाईवुड के संचालक रवि कुमार साहू ने बताया कि बोलो हवाई अड्डा के बगल में झूमराज इंटरप्राइजेज, बाबाधाम प्लाईवुड और एक बिजली के सामान का गोदाम है। बाबाधाम के संचालक वह खुद हैं। जबकि झूमराज इंटरप्राइजेज उनके ससुर भुनेश्वर प्रसाद साहू का है। वहीं, बिजली के सामान का गोदाम अमित कुमार का है। तीनों गोदाम एक-दूसरे से सटा हुआ है।



रवि ने बताया कि उसके दो कर्मी गोदाम में ही रहते हैं। रात को 11:30 से 12:00 के बीच अचानक कर्मियों ने फोन किया कि गोदाम में आग लग गई है। यह सुनते ही वह आनन-फानन में गोदाम पहुंचे। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, लेकिन आग पर काबू पाया नहीं जा सका।

रवि ने बताया कि रात 12:00 बजे से लेकर सुबह के 8:30 बजे आग बुझाने का काम चलता रहा। कई बार वाहन में पानी भरकर आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन आग बुझी नहीं। उनका कहना है कि लगभग 1.80 करोड़ का नुकसान हो चुका है। आग लगने की पीछे की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।




## रांची डीसी ने राज्यपाल से की मुलाकात विधि व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर चर्चा

**रांची :** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। जानकारी के अनुसार, राज्यपाल ने शहर की विधि व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर डीसी से जानकारी ली। राजभवन ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया है। मुलाकात के बाद रांची डीसी ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर किया। रांची डीसी ने लिखा कि आज महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की।

## देवेंद्र फडणवीस बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, 5 दिसंबर को लेंगे शपथ


**मुंबई :** महाराष्ट्र में राजनीतिक गतिविधियों के बीच बड़ा फैसला लेते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री पद के लिए चुना है। भाजपा विधायक दल की बैठक में फडणवीस को सर्वसम्मति से नेता चुना गया, चंद्रकांत पाटिल ने रखा प्रस्ताव रखा। पंकजा मुंडे समेत सभी ने समर्थन किया।जिसके बाद उनके मुख्यमंत्री बनने की औपचारिक घोषणा कर दी गई।

भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि फडणवीस 5 दिसंबर को अपने दो डिप्टी सीएम के साथ शपथ लेंगे। महायुति के विधायकों की बैठक में भी इस फैसले पर सहमति बनी। इस अवसर पर भाजपा की ओर से केंद्रीय पर्यवेक्षक निर्मला सीतारमण और विजय रुपाणी ने मुंबई पहुंचकर बैठक में हिस्सा लिया।



गौरतलब है कि बीते 12 दिनों से फडणवीस का नाम मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे था। संघ और भाजपा नेतृत्व के लिए भी फडणवीस पहली पसंद माने जा रहे थे। फडणवीस, जो पहले भी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, अपने प्रशासनिक अनुभव और भाजपा के प्रति निष्ठा के कारण पार्टी के लिए एक भरोसेमंद चेहरा बने हुए हैं। शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारियां तेज हो चुकी हैं, और यह देखना दिलचस्प होगा कि नई सरकार राज्य की जनता की उम्मीदों पर कितनी खरी उतरती है। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 132 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है। महायुति की बात करें तो भाजपा ने 132, शिवसेना ने 57, एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं महाविकास अघाड़ी में शिवसेना (यूबीटी) ने 20, कांग्रेस ने 16, एनसीपी (शरद पवार) ने 10 सीट पर जीत दर्ज की थी।

## भूकंप के झटकों से दहल गई धरती, लोगों में फैली दहशत



**नई दिल्ली :** आज सुबह भारत के तीन राज्यों में भूकंप के जोरदार झटकों से हड़कंप मच गया। तेलंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में सुबह करीब साढ़े 7 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.3 मापी गई। भूकंप इतना तेज था कि लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए।

**क्या हुआ? :** भूकंप के झटके महसूस होते ही लोगों ने घरों की खिड़कियां और दरवाजे हिलते हुए देखे। भूकंप से किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन इससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

**कहां-कहां आया भूकंप? :** हैदराबाद, हनुमाकोंडा, वारंगल, खम्मम, रंगारेड्डी, भद्राद्रि कोठागुडेम, जग्गैयापेट, मनुगुरु, गोदावरी खानी, भूपालपल्ली, चारला, चिंताकानी, भद्राचलम, विजयवाड़ा, जग्गैयापेट, तिरुवुरु, मंगलागिरी, चेन्नूर, जयपुर मंडल, मंचिरयाला, गम्पलागुडेम में 2 सेकंड के लिए भूकंप महसूस किया गया। लोग अपने घरों और अपार्टमेंटों से बाहर आ गए।

**नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी का अलर्ट :** नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने भूकंप की पुष्टि की और प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के केंद्र और गहराई का अध्ययन किया जा रहा है।

**लोगों की प्रतिक्रिया :** सुबह की शुरूआत कर चुके लोग भूकंप के झटकों से परेशान हो गए। कई लोगों ने सोशल मीडिया पर भी अपनी चिंताएं साझा कीं।

## राज्यसभा में उठा किसानों का मुद्दा, एमएसपी का वादा पूरे करने की मांग

**नई दिल्ली :** किसानों व उनकी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का मुद्दा बुधवार को राज्यसभा में उठाया गया। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के अन्य सभी कार्यों को स्थगित कर इस मुद्दे पर नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग की। हालांकि यह मांग स्वीकार नहीं की गई। इसके बाद सभापति ने विपक्ष से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी को इस विषय पर बोलने का अवसर दिया।

इस विषय पर बोलते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि धरती का भगवान अन्नदाता, उसके ऊपर लाठियां चल रही हैं। किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य का जो वादा किया गया था, वह वादा नहीं निभाया जा रहा। कांग्रेस सांसद ने कहा कि किसानों के संबंध में हमारी आवाज को संवैधानिक पदों पर बैठे हुए लोग भी उठा रहे हैं। उन्होंने राज्यसभा के सभापति व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम आपको धन्यवाद देते हैं कि आपने हमारी आवाज को उठाया है।



गौरतलब है कि मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वयं एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से प्रश्न किया था कि आखिरकार किसानों से वार्ता क्यों नहीं हो रही है। मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मंच पर मौजूद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कहा था कि कृषि मंत्री जी, हर पल आपके लिए महत्वपूर्ण है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं, और भारत के संविधान के तहत दूसरे सबसे बड़े पद पर विराजमान व्यक्ति के रूप में मैं आपसे आग्रह करता हूं कि कृपया मुझे बताइए, क्या किसान से कोई वादा किया गया था, और वह वादा क्यों नहीं निभाया गया। हम वादा पूरा करने के लिए क्या कर रहे हैं। पिछले साल भी आंदोलन था, इस साल भी आंदोलन है, और समय जा रहा है, लेकिन हम कुछ नहीं कर रहे हैं।

बुधवार को राज्यसभा में कांग्रेस सांसद ने सभापति से मांग की कि वे सरकार को निर्देश दें कि किसानों से किए गए वादे पूरे करें। कांग्रेस सांसद ने कहा कि खासतौर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर हम सरकार से जवाब चाहते हैं। प्रमोद तिवारी के बोलने के उपरांत कांग्रेस व विपक्ष के कई सांसद अपने स्थान पर खड़े होकर इस मुद्दे पर बोलने की मांग करने लगे। जिस पर सभापति ने अपनी नाराजगी व्यक्त की।

दरअसल बुधवार को विपक्ष द्वारा किसानों के मुद्दे, तमिलनाडु के साइक्लोन और उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा जैसे मामलों पर चर्चा के लिए नोटिस दिए गए थे। विपक्षी सांसदों ने किसानों के मामले पर चर्चा की मांग की। इस पर सभापति ने कहा कि आपको बहुत देर बाद किसानों की याद आई है। सभापति ने कहा कि 5 दिन विभिन्न मुद्दों पर नियम 267 के तहत चर्चा के लिए नोटिस दिए गए जिसके कारण 5 दिन तक राज्यसभा की कार्रवाई नहीं चल सकी, हालांकि इस दौरान एक बार भी किसानों के मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस नहीं दिया गया और अब मगरमच्छ के आंसू दिखाए जा रहे हैं।

## राहुल गांधी संभल नहीं जा सके,गाजीपुर बॉर्डर पर रोका गया काफिला

**नई दिल्ली :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी आज संभल के लिए निकले और उनके काफिले को गाजीपुर फ्लाईओवर पर रोक लिया गया, जिसके बाद जमकर ड्रामा हुआ। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं की झड़प पुलिस से हुई और वे आगे जाने की अपनी जिद पर अड़े रहे। साथ ही साथ धरने पर भी बैठ गए, लेकिन पुलिस प्रशासन ने उनकी एक नहीं सुनी। आखिरकार उन्हें अपने कदम वापस खींचने पड़ गए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, ≈हम संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पुलिस इजाजत नहीं दे रही है। विपक्ष के नेता के तौर पर जाना मेरा अधिकार है लेकिन फिर भी वे मुझे रोक रहे हैं। मैंने कहा कि मैं अकेले जाने को तैयार हूं, मैं पुलिस के साथ जाने को तैयार हूं लेकिन वे इस पर भी राजी नहीं हुए। अब वे कह रहे हैं कि अगर हम कुछ दिनों में वापस आते हैं, तो वे हमें जाने देंगे। यह विपक्ष के नेता के अधिकारों के खिलाफ है, उन्हें मुझे जाने देना चाहिए। यह संविधान के खिलाफ है, हम सिर्फ संभल जाना चाहते हैं, लोगों से मिलना चाहते हैं और देखना चाहते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग के अपहरण के मामले में आरोपी युवक जेल भेजा गया

**चान्हो :** चान्हो थाना क्षेत्र के चारा गांव में एक नाबालिग के अपहरण के मामले में पुलिस ने 19 वर्षीय युवक रंजन मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रंजन मुंडा, पिता बुतरू मुंडा, को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। नाबालिग लड़की पिछले आठ दिनों से लापता थी। परिजनों द्वारा लड़की के लापता होने की सूचना दूसरे दिन ही चान्हो थाना में दर्ज कराई गई थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छानबीन शुरू कर दी। चान्हो थाना प्रभारी चंदन गुप्ता के नेतृत्व में जांच टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर रंजन मुंडा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा इस मामले में आगे की जांच जारी है।

### मुरी रेलवे में मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन का चुनाव शुरू



**मुरीः** दक्षिण पूर्व रेलवे के मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन का चुनाव का आज से शुरू हुआ।जो तीन-दिवसीय चार पांच और छह दिसम्बर तक चलेगा। रांची डीवीजन के मुरी शाखा में 1773 कुल मतदाता वोट देंगे, कर्मचारी आज सुबह आठ बजे से वोट कर रहे हैं।जो शाम पांच बजे तक चलेगी। इसमें मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन में दपुरे मजदूर संघ,दपुरे मेन्स यूनियन,दपुरे मेन्स कांग्रेस, दपुरे तृणमूल,दपुरे बहुजन कर्मचारी यूनियन,दपूरे मजदूर यूनियन चुनाव में खड़े हैं। सभी यूनियन बैनर के साथ टेंट लगाए हुए हैं। पांच नम्बर बुथ रेलवे अस्पताल और छः नम्बर बुथ पीडब्लुआई में बनाया गया है।

### सोसो में बालू का अवैध कारोबार जारी



**सिल्ली :** सिल्ली थाना क्षेत्र और राहे प्रखंड अंतर्गत सोसो बाजार टांड में बालू माफिया के द्वारा अवैध बालू डंप कर परिवहन बेखौफ किया जा रहा है, बताया यह जाता है कि रात के अंधेरे में डंप किये गए चोरी का बालू टिपर हाइवा व ट्रैक्टरों से जंगल के रास्ते अनगड़ा टाटीसिलवे आसपास भेजा जाता है और मनचाहा दामों में भेजा जाता है जिसे सरकार का लाखों रूपए राजस्व का नुकसान हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बालू माफिया का नाम विकास साहू बताया, जिसको स्थानीय पुलिस प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है यही कारण है की रोक के बाबजूद बर्षो से बालू का अवैध धंधा धड़ल्ले से चला रहा है।

### डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनायी गयी



**कोडरमा :** ग्रिजली पब्लिक स्कूल में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या, संयोजक, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बच्चों ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के छायाचित्र पर फूलमाला अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बच्चों ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी देने वाले नाटक, गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन और उनके आदर्शों के बारे में विचार व्यक्त किए। यह कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी देना और उन्हें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कक्षा छः के आरव बजाज ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। अरनव ने बताया कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत के पहले राष्ट्रपति थे और उसने अपने जीवन में सादगी, निष्ठा, और देशभक्ति के मूल्यों को अपनाया था। कक्षा छः के तरूष पेरीवाल और आरना अग्रवाल ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन पर एक पी.पी.टी प्रेजेंटेशन दिया, जिसमें उसने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया। विद्यालय की प्राचार्या ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद एक महान नेता और एक सच्चे देशभक्त थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित किया। कार्यक्रम को संचालित करने में सभी शिक्षकों की अहम भूमिका रही। उनकी मेहनत और समर्पण के कारण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### दुआरशिनी गांव में आजादी के 76 वर्ष बाद भी बिजली नहीं



**मुरी :** राहे प्रखंड अंबाझरिया पंचायत दुआरशिनी गांव में आजादी के 76 वर्ष बाद भी बिजली नहीं है। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि सिल्ली विधान सभा प्रचार के दौरान जब पता चला था कि आजादी के 76 वर्ष बाद भी दुवारशिनी गांव में बिजली नहीं पहुंचा तभी ग्रामीण को वचन दिया कि चुनाव परिणाम जो भी हो,गांव में बिजली पहुंचाने का प्रयास करेंगे उसी क्रम में जल्द से जल्द बिजली पहुंचाने का निवेदन विभाग के रांची क्षेत्र मैनेजर से किया।

---

राज्य की विधि-व्यवस्था को लेकर सीएम गंभीर

# बेहतरी को लेकर पुलिस अधिकारियों को दिया टास्क

मेट्रो रेज

**रांचीः** मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के आला पुलिस अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की। इस बैठक में राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति बेहतर करने के साथ-साथ हर हाल में नशे की पैदावार को रोकने की टास्क दिया गया है

**पुलिस अधिकारियों को सीएम ने दिया टास्क :** झारखंड के मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद सीएम हेमंत सोरेन राज्य में हर तरह की व्यस्था को दुरुस्त करने में लगे हुए। मंगलवार को सीएम ने राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी सहित अन्य वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति, अपराध नियंत्रण, अवैध माइनिंग पर रोक, मादक पदार्थ पर नकेल कसने एवं साइबर क्राइम पर लगाम लगाने को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक की।




इस बैठक में सीएम ने राज्य में हर हाल में कानून का राज कायम करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। जिलों में अवैध खनन एक बड़ी समस्या है। आर्थिक अपराध के पीछे अवैध खनन मुख्य वजह है। इसके लिए सीएम ने विशेष टास्क फोर्स का गठन कर अवैध खनन के ऊपर ब्रेक लगाने को कहा है।

**नशे के तस्करों पर कसें नकेल :** सीएम हेमंत सोरेन ने बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों से हर हाल में मादक पदार्थो पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। अफीम की फसल लगाने का समय हो चुका है। ऐसे में किसी भी हाल में अफीम की खेती रोकने का टास्क सीएम ने दिया है। साथ ही ड्रग्स पैडलर्स के खिलाफ भी करवाई के निर्देश दिए हैं।

**अपराधियों और उग्रवादियों पर नकेल कसे :** सीएम की बैठक से बाहर निकलने के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि राज्य में अपराध और उग्रवाद की वारदातों पर नकेल कसने के टास्क सीएम ने दिया है। साल के अंतिम महीने को देखते हुए हर तरह के सुरक्षा इंतजाम करने की हिदायत दी गई है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि सीएम के हर निर्देश का पालन किया जाएगा।

## संत फ्रांसिस जेवियर का पर्व धूमधाम से मनाया गया




मेट्रो रेज

**मांडर :** मांडर स्थित संत जेवियर उच्च विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय के संरक्षक संत फ्रांसिस जेवियर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित रहे।

बंधु तिर्की ने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपने बेहतर भविष्य के लिए अभी से एक निश्चित उद्देश्य के साथ पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने संत फ्रांसिस जेवियर के आदर्शों को अपनाने की जरूरत पर जोर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत विशेष मिस्सा अनुष्ठान से हुई, जिसका संचालन विद्यालय के प्राचार्य फादर जोन शैलेन्द्र टोप्पो ने किया। उन्होंने संत फ्रांसिस जेवियर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा, ह्लअपने लिए तो सभी जीते हैं, लेकिन दूसरों की भलाई के लिए जीने वाले लोग ही समाज में विशेष स्थान रखते हैं। संत फ्रांसिस ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे।

इस मौके पर प्रखंड विकास अधिकारी (सीओ) चंचला कुमारी, प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रोशन इमानुवेल तिग्गा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें पारंपरिक नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने समां बांधा। मंच संचालन शाहिल अंसारी, जावेद अंसारी, अमर उरांव, मलाइका परवीन, विक्की उरांव, कल्पना कुमारी, स्वाति उरांव और उर्वशी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर बीईईओ तरसिला केरकेट्टा, बीपीओ गुलाम सरवर, फादर प्रसन्न तिर्की, फादर प्रदीप, फादर एडविन, अमृत विनय खलखो, फादर चोन्हस तिग्गा, जमालूद्दीन अंसारी, पितरूस खलखो, कारमेला बरबरा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विद्यालय परिवार और छात्रों के उत्साह ने इस पर्व को खास बना दिया, जिसमें संत फ्रांसिस जेवियर के जीवन मूल्यों और आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

## लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने को लेकर जगरूकता कार्यक्रम

**लोहरदगा :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सीता पुष्पा के मार्गदर्शन के आलोक में सरकार के संयुक्त सचिव महिला एवं बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए उद्देश्य से महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसंबर के अवसर पर 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक जागरूकता कार्यक्रम लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न उच्च विद्यालय एवं कॉलेज में किया जाने के क्रम मे सेन्हा प्रखंड के उत्क्रमित बेसिक उच्च विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार ,जिला बाल संरक्षण इकाई समाज कल्याण, लोहरदगा के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को



विभिन्न एक्ट के कानूनी प्रावधानों का संक्षिप्त रूप से जानकारी प्रदान की गई जो निम्न है '- जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित 9वी कक्षा से 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को-जेंडर सेंसटाइजेशन, हेल्पलाइन नंबर 1098, 112 और 181,घरेलू हिंसा अधिनियम 2005,सखी वन स्टॉप सेंटर, पोक्सो कानून, कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम 2013, मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित योजनाएं शक्ति सदन एवं शक्ति निवास की जानकारी, जेंडर इक्वलिटी, कंसेंट, सेफ टच एंड सेफ टच, हेल्दी रिलेशनशिप, वुमन राइट यंग एज हेल्दी रिलेशंस, पॉजिटिव मासक्लिनिटी (सकारात्मक पुरुषत्व), हार्मफुल एस्ट्रो टाइप एंड माचो टाइप जेस्टर इत्यादि। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत आज बच्चों को मोबाइल की उपयोग के संदर्भ में क्या सावधानी रखी जानी है ,जिससे वह कानूनी पंजो से बच सके इस संदर्भ में भी उन्हें बताया गया ।

## कार्य की गुणवत्ता सुधारे संवेदक अन्यथा होगी कार्रवाई : अनीता देवी

**लातेहारः** जिला परिषद के सदस्यों की टीम के साथ उपाध्यक्ष अनीता देवी के द्वारा हेरहंज के कपिया एवं अन्य स्थानों में विद्यालयों में भ्रमण किया गया जहां पर यह जानकारी प्राप्त हुई कि फर्जी अटेंडेंस बनाकर मिड डे मील की राशि की



निकासी की जा रही है। उसके बाद उन्होंने प्रखंड बालूमाथ परिसर में निर्माण अधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ के निर्माण कार्य का जायजा लिया जहां पर पाया कि बालू, ईंट एवं सीमेंट की की गुणवत्ता एकदम से खराब है। इस प्रकार की निर्माण सामग्री से अच्छे भवन का निर्माण नहीं किया जा सकता है। पुनः उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी आवास के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जांच किया। जहां घटिया निर्माण सामग्री पाई गई ' उनके द्वारा यह हिदायत दी गई की अविलंब कार्य की गुणवत्ता सुधारे अन्यथा संवेदक को काली सूची में डालने की कार्रवाई की जाएगी ' इन सब घटनाक्रम की लिखित शिकायत जिले के उपायुक्त महोदय से भी की जाएगी ' उन्होंने बताया कि संवेदक घटिया निर्माण करके सरकारी राशि का बंदर बांट करने का प्रयास कर रहे हैं। जो लोक संपत्ति की लूट है और उसमें संबंधित विभाग की मिलीभगत प्रतीत हो रही है। मौके पर उन्होंने संबंधित विभाग के इंजीनियर से भी बात कर कार्य की गुणवत्ता सुधारने हेतु निर्देशित किया है ' मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, सदस्य प्रियंका देवी, सदस्य विनोद कुमार, सदस्य जीरा देवी आदि उपस्थित थे।

## झारखण्ड से कोयला व अन्य खनिजो को प. बंगाल जाने नही दिया जायेगा : विजय शंकर नायक

**रांचीः** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष ,पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने प0 बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा आलू झारखण्ड को नहीं देने पर अपना अड़ियल रुख बनाये रखने पर आज अपनी प्रतिक्रिया में उक्त बाते कही। इन्होंने यह भी कहा कि प0 बंगाल द्वारा आलू नहीं देने के कारण झारखण्ड में आलू की कीमतों में बेतहासा वृद्धि हो रहीं हैं और गरीब गरबा आमजनों से आलू दूर होती जा रहीं है।

श्री नायक ने आगे कहा कि प0 बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस आलू प्रकरण में हठधर्मिता और अड़ियल रुख अपना रहीं है जो पड़ोसी राज्य होने का एवं संकट तथा दुख



सुख में साथ देने के नैतिक दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहीं है जो शुभ संकेत नहीं है । इन्होंने यह भी कहा की इस प्रकरण के पटाक्षेप हेतु झारखण्ड के मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी और प0 बंगाल के मुख्य सचिव स्तर से वार्ता भी किया जा चुका हैं मगर अभी तक कोई सफल परिणाम नहीं निकला है। अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तुरंत बिना देर किए दो टूक में प0 बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात करना चाहिए और इसका समाधान निकालने का सफल एवं ठोस प्रयास होना चाहिए ताकि जनता को आलू के बढ़ते महंगाई से निजात मिल सके।

श्री नायक ने साफ एवं कड़े शब्दों मे चेतावनी देते हुए कहा की अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से वार्ता करने के बाद भी कोई सकरात्मक पहल ममता दीदी के द्वारा नहीं किया जाएगा तो फिर झारखण्ड से एक छटाक भी कोयला एवं अन्य खनिजों को प0 बंगाल जाने नहीं दिया जाएगा जिसकी जिम्मेवारी प.बंगाल की ममता सरकार की होगी । जब वो पड़ोसी धर्म नही निभायेगी तो झारखंड भी अपना पड़ोसी धर्म नही निभायेगा और जैसे को तैसा वाली नीति अपनाई जायेगी । इन्होने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यह भी मांग किया कि वे हरेक जिला मे कोल्ड स्टोरेज बनाने की दिशा मे काम करे और झारखण्ड के किसानों को हर खेत मे पानी पहुंचाने की दिशा मे ठोस रणनीति बनाए तो हमारे किसान इतना आलू पैदा कर देगें कि राज्य तो आत्मनिर्भर हो ही जायेगा और दूसरे राज्य मे भी आलू निर्यात कर किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो जायेंगें।

# पार्टी में कई नए चेहरों को दी गई बड़ी जिम्मेवारी : गुलाम मुस्तफा

मेट्रो रेज

**कोडरमाः** आपकी विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने चेचई स्थित अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि झारखण्ड विधान सभा चुनाव 2024 में आपकी विकास पार्टी ने कुल 28 प्रत्याशियों को टिकट देने का काम किया। जिसमे कुल 5 प्रत्याशियों ने चुनाव मैदान में अपनी भागीदारी सुनिक्षित कर पाई। कुछ लोगो का नामंकन रद्द हुआ बाकि लोगो ने पैसे की लालच एवं पार्टी के विरुद्ध कार्य करते हुए विभिन पार्टियों को समर्थन तक दिया। जिसके फलस्वरूप आपकी विकास पार्टी ओर केंद्रीय अध्यक्ष के छवि को धूमिल करने का काम किया गया। बड़े षडयंत्र के तहत पार्टी अध्यक्ष



को पिछले दो माह से विभिन्न प्रकार की शाजिस रची गई ताकि पार्टी की विचारधारा एवं पार्टी अध्यक्ष की विचारधारा को धूमिल किया जाए। वही पार्टी को हड़पने का एक पलानिंग बनाई गई। आप सभी को मालूम होगा की गुलाम मुस्तफा के नेतृत्व में झारखण्ड में बदलाव संघर्ष यात्रा की गई। यह यात्रा सात दिनों की पदयात्रा थी। यह यात्रा दिनांक 20 अगस्त 2024 से 26 अगस्त 2024 तक की गई। जिसके बाद से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विकास कुमार पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ० कहकशा कमाल पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष साजिद हुसैन और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मों सगीर और छोटे पदाधिकारी लगातार पार्टी के विरुद्ध कार्य करते हुए पाये गये। इन सभी के द्वारा कई तरह की षडयंत्र रची गई। जिससे आगामी विधान चुनाव 2024 में पार्टी को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव जाहिद अनवर के द्वारा कारण पृच्छा पत्र प्रेषक के द्वारा दिनांक 24 नवंबर 2024 को (1) विकास कुमार, राष्ट्रीय महासचिव आपकी विकास पार्टी (2) साजिद हुसैन, कोषाध्यक्ष आपकी विकास पार्टी (3) मोहम्मद सागीर, राष्ट्रीय सचिव आपकी विकास पार्टी (4) डॉ० कहकशा कमाल राष्ट्रीय प्रवक्ता आपकी विकास पार्टी इन सभी को पत्र भेजा गया। जिसमे तीन दिनों के अंदर लिखित पत्र के माध्यम से अपना अपना पक्ष रखने को कहा गया था। परन्तु इन सभी के द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इससे यह स्पस्ट होता है की पार्टी को छवि को नुकसान एवं पार्टी को तोडना और पार्टी के अध्यक्ष के विरुद्ध साजिश करने जैसा प्रतीत होता है। इन सभी को आधार मानते हुए पार्टी ने यह निर्णय लिया की इन सभी को पार्टी से एवं पार्टी के सभी पदों से मुक्त किया जाता है। वही नई पदाधिकारियों को नियुक्ति की गई है (1) दीन दियाल लोहार राष्ट्रीय महासचिव (2) चुन्नू मंसूरी राष्ट्रीय सचिव (3) दीपक शर्मा राष्ट्रीय सचिव (4) गालिब मंसूरी राष्ट्रीय सचिव (5) जगदीश केवढ राष्ट्रीय सचिव (6) मो इरफान राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष (7) अश्विनी अम्बेडकर सेन्ट्रल कमिटी सदस्य, (8) धर्मेन्द्र कुमार राष्ट्रीय सचिव साथ ही साथ झारखण्ड प्रदेश की सभी प्रकार की संगठन को भंग की गई है। बहुत जल्द नए तरीके से पुनः सभी प्रकार की संगठन को विस्तार किया जायेगा। झारखण्ड विधान सभा चुनाव में झारखण्ड वासी मूलवासी जो भी जनादेश आपकी विकास पार्टी को दिया मैं उनको आभार व्यक्त करता हूँ और नई सरकार को शुभकामनाए देता हूँ और सरकार से अपेक्षा करता हूँ की चुनाव में किये गए अपने वादे को पूरा करेंगे मैं उनका समर्थन करूँगा और जहाँ झारखण्ड वासी मूल वासी के विरुद्ध कार्य किया जाएगा। वहाँ पर सरकार का विरोध करूंगा।

# हेमंत सरकार के मंत्री कल लेंगे शपथ



मेट्रो रेज

**रांची:** हेमंत सोरेन सरकार की कैबिनेट का विस्तार पांच दिसंबर को होगा। हेमंत सोरेन की लगातार दूसरी पारी में कैबिनेट में शामिल होनेवाले मंत्री दोपहर 12:30 बजे राजभवन में शपथ लेंगे। चार दिसंबर की शाम या फिर पांच दिसंबर की सुबह सरकार मंत्रियों के नाम राजभवन भेज देगी। कैबिनेट विस्तार को लेकर 'इंडिया गठबंधन' में राजनीतिक सरगरमी तेज है। झामुमो में सब-कुछ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तय करना है। वहीं, कांग्रेस के दिल्ली दरबार ने मंत्रियों के नाम पर मंथन कर लिया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, आला नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने साथ बैठक की। बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी मौजूद थे। इस बैठक में मंत्रियों के नाम की मुहर लगी। कांग्रेस आलाकमान चार दिसंबर की शाम या फिर पांच की सुबह अपने मंत्रियों का नाम मुख्यमंत्री श्री सोरेन को भेज देगा। कांग्रेस अपने विधायक दल के नेता का नाम भी तय करेगी। वहीं, राजद कोटे के एक मंत्री कैबिनेट में शामिल होंगे। झामुमो, कांग्रेस और राजद मिलकर कैबिनेट में संतुलन बनाने का प्रयास कर रहे हैं। तीनों दल जातीय समीकरण को मिलकर साधने का प्रयास करेंगे। साथ ही क्षेत्रीय संतुलन बनाने का प्रयास होगा। कांग्रेस ने हर प्रमंडल से कैबिनेट में एक मंत्री बनाने की रणनीति बनायी है। कांग्रेस में मंत्री पद के लिए नेता अपने-अपने हिसाब से लॉबिंग में जुटे हैं।

**प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी लेंगे शपथ :** पांच दिसंबर को प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी भी शपथ लेंगे। 10 दिसंबर को प्रोटेम स्पीकर नव-निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलायेंगे। इसके बाद स्पीकर के चुनाव की प्रक्रिया होगी। नये अध्यक्ष का निर्वाचन होगा।

**कैबिनेट में अनुभव भी होगा और ऊर्जा भी होगी :** झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि झारखंड का नया मंत्रिमंडल समावेशी होगा। कैबिनेट में अनुभव भी होगा और ऊर्जा भी होगी। हमारे पांचों प्रमंडल के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व होगा। दक्ष मंत्रिमंडल होगा। पूरी कैबिनेट एक टीम की तरह दिखेगी। माले सरकार में शामिल नहीं होगा, लेकिन सरकार के साथ रहेगा। नीति-निर्धारण और योजनाओं में उनकी राय ली जायेगी।

न्यूज ब्रीफ

## शहर को जाम मुक्त बनाने के लिये 31 वाहन पड़ाव की बंदोबस्ती

**रांची:** रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह के निर्देश पर शहर को जाम मुक्त करने के उद्देश्य से पहल शुरू की गई है। ट्रैफिक की सुगम व्यवस्था के लिये नगर निगम पूरे शहर में 31 वाहन पड़ाव स्थल की बंदोबस्ती की गई है। नागरिकों को बेहतर सुविधा मिले इसके लिये विभिन्न क्षेत्रों में मल्टी स्टोरी पार्किंग के निर्माण के लिये योजनां बनाई जा रही है। मंगलवार को नगर निगम प्रशासक मेन रोड डेली मार्केट थाना स्थित निगम की जमीन का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जमीन की मापी व परियोजना से संबंधित कार्यों का निष्पादन जल्द करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर प्रशासक संजय कुमार, बाजार शाखा तथा इनफोर्समेंट शाखा की टीम शामिल थी।

## 11 दिसंबर को महिलाओं के खाते में मंईयां सम्मान योजना की 2500 खटाखट आयेंगे : झामुमो



**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 11 तारीख को मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 रुपये महिलाओं के खाते में खटाखट भेज दी जायेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद बीजेपी को झटका लगा है, कहा कि इस विधानसभा चुनाव में 28 रिजर्व सीटों में 27 हम जीते हैं, जो एक सीट बचा है, उसमें भी बहुत कम अंतर है, इसके बाद नतीजे के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी थोड़े सक्रिय हो गए हैं। कहा कि उन्होंने सरकार को कुछ सुझाव दिये हैं, बाबूलाल मरांडी ने आदिम जनजाति को लेकर सुझाव दिये हैं। इस सुझाव में खास तौर पर पहाड़िया जनजाति को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। वह मंगलवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बोल रहे थे। सुप्रियो ने कहा कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ में बीजेपी के ट्राइबल सीएम हैं और वहां 15 ट्राइब्स आदिम जनजाति के तौर पर चिन्हित किये गये हैं। उन्होंने बाबूलाल से निवेदन करते हुए कहा कि आप छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व ओडिशा का दौरा करें। कहा कि मरांडी इन राज्यों की स्टडी करें, वहां के आदिम जनजातियों की स्थिति और आर्थिक सामाजिक व शैक्षणिक हालत क्या हैं, ये देखने का काम करें। कहा कि केवल घड़ियाली आंसू बहाने से कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को सचेत करते हुए कहा कि आप बाहर के नेताओं के चक्कर में न पड़ें। उन्होंने सवाल किया, आपने क्या कभी असम के चाय बगान में काम करने वाले ट्री ट्राइब्स की चर्चा की।झारखंडी पर्यटन स्थल

**5 को मंत्रिमंडल का विस्तार किया जायेगा :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, आपको ये सवाल असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से करनी चाहिए। शिवराज सिंह चौहान से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी लोगों ने हमें जो आशीर्वाद दिया, उन्हीं के बेटे को बीजेपी के तमाम नेता अपदस्थ करने के लिए बाहर से आए थे। लेकिन झारखंड की जनता ने उनको नकार दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड का नया मंत्रिमंडल समावेशी होगा। बता दें कि 5 दिसंबर को राजभवन के बिरसा मंडप में दोपहर 12 बजे इंडिया गठबंधन के हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार किया जायेगा। इसके लिए सभी औपचारिक तैयारियां पूरी की गई हैं।

## झारखंड में बढ़ेगी ठिठुरन, 3 से 5 डिग्री तक गिर सकता है तापमान



**रांची :** झारखंड में दिन प्रतिदिन बढ़ रही ठंड ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। स्थिति ये है कि अब लोगों को दोपहर में भी ठंड का एहसास हो रहा है। चक्रवाती तूफान फेंगल का भी असर देखने को मिल रहा है। इस चक्रवाती तूफान की वजह से राज्य के कई इलाकों में हल्की बूंदा बांदी हुई। इस कारण भी ठिठुरन बढ़ गयी है। मौसम विभाग की मानें तो 4 दिसंबर को न्यूनतम तापमान हल्की सी गिरावट देखने को मिलेगी। जिससे अन्य दिनों की अपेक्षा ठंड ज्यादा लगेगी।

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 4 अक्टूबर के बाद से कई जिलों में न्यूनतम तापमान 3 से 5 डिग्री गिर सकता है। बुधवार को संताल परगना के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10-11 डिग्री के बीच रह सकता है। जबकि राजधानी और उसके आस पास के जिलों में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास रह सकता है। इस कारण लोगों को अन्य दिनों की मुकाबले अधिक ठंड लगेगी।

**दिसंबर के अंतिम सप्ताह में 5 के आसपास रह सकता है तापमान :** मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि 15 दिसंबर के बाद तक तो न्यूनतम तापमान में अधिक बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। लेकिन दिसंबर के अंतिम सप्ताह में न्यूनतम तापमान 5 के आसपास या इससे नीचे रह सकता है। जिससे लोगों और अधिक गर्म कपड़ों की जरूरत पड़ सकती है। हालांकि, बीते साल नवंबर के अंत से ही जबरदस्त ठंड देखने को मिला था।

## बंद हो गया जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र, नहीं मिल पा रहा है दिव्यांगों को प्रशिक्षण

हजारीबागः जिला ग्रामीण विकास अभिकरण हजारीबाग के द्वारा व सांसद विकास मद से निर्मित सदर अस्पताल परिसर में स्थित जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र बदहाल स्थिति में है। भवन के जिस कमरे में विकलांग पुनर्वास केंद्र बनाया गया था, उस भवन पर हजारीबाग स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण केंद्र बना दिया है। कहा जाए तो जिस उद्देश्य से विकलांग पुनर्वास केंद्र बनाया गया था, वह अस्तित्व से ही उठ चुका है। पूरे विश्व भर में विश्व विकलांग दिवस मनाया जा रहा है। दूसरी ओर हजारीबाग में जिस केंद्र को दिव्यांग जनों को मुख्य धारा में जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए तैयार किया गया था, वह अब इतिहास के पन्नों में दफन हो चुका है। देश के पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने 5 अप्रैल 2002 को विकलांग पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन किया था। जिसका उद्देश्य दिव्यांगों के लिए आर्टिफिशियल हाथ पैर मुफ्त में हजारीबाग के सदर अस्पताल में ही उपलब्ध कराना था। पुनर्वास केंद्र के उद्घाटन के बाद दो-तीन वर्षों तक सब ठीक-ठाक रहा। इस विकलांग पुनर्वास केंद्र सह गोदाम का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा किया जाता था। इसकी स्थापना केंद्र सरकार के द्वारा की गई थी। बाद में पुनर्वास केंद्र राज्य सरकार के जिम्मे में आ गया। लगभग 17 से 18 वर्ष बीत जाने के बाद भी पुनर्वास केंद्र काम नहीं कर रहा है। आलम यह है कि पुनर्वास केंद्र में अब स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण केंद्र खोल दिया है। इसे लेकर दिव्यांगों के लिए काम करने वाले समाजसेवी गणेश कुमार सिद्दू ने पत्राचार भी किया और ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि जल्द से जल्द पुनर्वास केंद्र खोलने की मांग की। लेकिन जिला प्रशासन और सरकार की उदासीनता के कारण यह केंद्र अब तक नहीं खुला है। गणेश कुमार सिद्दू का कहना है कि विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जा रहा है।

## चार्जशीटेड आर्म्स सप्लायर और चेन स्नैचर्स का थाना में लगेगा फोटो, सिटी एसपी ने दिए निर्देश



मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची में हथियार तस्करी और स्नैचिंग के वारदातों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस नई रणनीति के तहत काम कर रही है। अब शहर के हर थाना में चार्जशीटेड आर्म्स सप्लायर और चेन स्नैचरों की तस्वीर लगाई जाएगी ताकि उनकी पहचान सार्वजनिक हो सके।

**क्या है नई रणनीति :** रांची पुलिस आपराधिक घटना रोकने के लिए स्नैचरों और आर्म्स सप्लायरों पर शिकंजा कसने के लिए नई रणनीति पर काम कर रही है। इसके लिए अब स्नैचरों और आर्म्स एक्ट के तहत जेल गए अपराधियों की थाना के नोटिस बोर्ड में तस्वीर लगायी जाएगी। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने मंगलवार को क्राइम मीटिंग के दौरान यह आदेश थानेदारों को दिया है।

इस क्राइम मीटिंग के दौरान सिटी एसपी ने थानेदारों से कहा है कि स्नैचिंग और आर्म्स एक्ट के तहत जिन अपराधियों को जेल भेजा गया है। जेल से छूटने के बाद भी वह आपराधिक घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे अपराधियों की वे सूची तैयार करें। उस सूची के आधार पर उन स्नैचरों और आर्म्स सप्लायरों का फोटो थाना में लगाएं। साथ ही उन स्नैचरों और आर्म्स सप्लायरों को प्रति दिन थाना बुलाएं और उसकी हाजिरी लें। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि सभी थानेदारों को थानों में अपराधियों की तस्वीर लगाने का निर्देश दिया गया है।

**सीसीए का तैयार करें प्रस्ताव :** क्राइम मीटिंग में सिटी एसपी ने थानेदारों को निर्देश दिया है कि लगातार स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने वाले वैसे अपराधियों की अलग से सूची तैयार की जाए। इसके बाद उस सूची में अंकित अपराधियों पर सीसीए लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजें ताकि ऐसे अपराधियों पर कार्रवाई की जा सके। इसमें वैसे अपराधी को भी शामिल करें, जो जेल में बंद हैं।

**महिला के साथ हुई घटना का उद्भेदन करेगी महिला टीम :** रांची पुलिस की ओर से महिला टीम का गठन किया गया है। पांच सदस्यीय टीम में महिला इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी के अलावा दारोगा और आरक्षी को शामिल किया गया है। टीम को सख्त हिदायत दी गई है कि अगर किसी महिला के साथ दुर्घटना या फिर घटना होती है तो वह मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेगी, साथ ही घायल महिला को अस्पताल ले जाएगी। वहीं घटना होने पर उसकी पूरी जांच कर कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई भी करेगी।

**लापरवाही बरतने वाले थानेदारों पर होगी कार्रवाई :** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने क्राइम मीटिंग के दौरान सख्त निर्देश दिया है कि लापरवाही बरतने वाले थानेदारों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। सिटी एसपी ने थानेदारों को बाइक चोरी की घटना को रोकने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने सभी थानेदारों को टास्क दिया है कि वे लंबित कांडों को हर हाल में जल्द से जल्द निष्पादित करें।

## हाईकोर्ट ने झारखंड के 5 विश्वविद्यालयों को जवाब के साथ 1 हजार रुपये जुर्माना देने का दिया निर्देश

**रांची :** झारखंड के 5 विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्ति को लेकर दायर याचिका पर अब झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि जिन विश्वविद्यालयों ने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है, वे दो हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करें। साथ ही जवाब के साथ 10 हजार रुपये जुमार्ना भी जमा करे तब ही उनका जवाब दाखिल होगा।

यह याचिका अंजनी कुमार पांडे ने दाखिल की है। उन्होंने रांची विश्वविद्यालय समेत राज्य के पांच विश्वविद्यालयों को प्रतिवादी बनाया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि कुलपति नियुक्ति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों का पालन नहीं किया गया है।

## संयुक्त सचिव स्वास्थ्य ने तीन जिलों के सिविल सर्जन के साथ की बैठक, आयुष्मान योजना की हुई समीक्षा



मेट्रो रेज

**रांची :** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव विद्यानंद पंकज मंगलवार को धनबाद पहुंचे। संयुक्त सचिव ने धनबाद सिविल सर्जन कार्यालय में पदाधिकारियों संग बैठक की। जिसमें मुख्य रूप से आयुष्मान भारत योजना समेत अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की गई।

इस बैठक में धनबाद के अलावा गिरिडीह और बोकारो के सिविल सर्जन भी मौजूद रहे। संयुक्त सचिव विद्यानंद पंकज ने आयुष्मान भारत योजना समेत बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा में सुधार को लेकर तीन जिलों के सिविल सर्जन को कई दिशा निर्देश दिए।

इस बैठक के बाद संयुक्त सचिव विद्यानंद पंकज ने मीडिया से भी बातचीत की। जिसमें उन्होंने बताया कि बैठक में स्वास्थ्य से जुड़ी कई ऐसी बातें सामने आई, जिसपर सुधार के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सुधार की दिशा में कार्य लगातार जारी है। धनबाद के अलावा गिरिडीह और बोकारो के सिविल सर्जन को इस दिशा में कई निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धनबाद के सदर अस्पताल के तमाम वार्ड को जल्द ऑपरेशनल बनाया जाएगा। वर्तमान में सिर्फ स्त्री और प्रसूति विभाग ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लगभग सभी तरह के विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद हैं। इसलिए जल्द सभी वार्ड चालू किए जाएंगे।

वहीं एसएनएमएमसी अस्पताल को लेकर संयुक्त सचिव ने कहा कि बहुत जल्द मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की नियुक्ति कर दी जाएगी और सभी विभाग चालू हो जाएंगे। कार्डियोलॉजी समेत तमाम विभाग सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में चालू होंगे।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि झोलाछाप डॉक्टरों पर लगाम लगाने का काम सिविल सर्जन का है। सिविल सर्जन को पूरा अधिकार दिया गया है कि वह झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई करें। अगर सिविल सर्जन कार्रवाई नहीं करते हैं तो उनसे पूछताछ की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि दवाओं की किल्लत बिल्कुल भी नहीं होनी चाहिए। क्योंकि दवाओं के लिए सभी जिले के सिविल सर्जन को एक-एक करोड़ रुपये दिए गए हैं।

## सीएम के आदेश के बाद प्रशासन पहुंचा असुरा गांव, पांच बेसहारा बच्चों की पढ़ाई व पोषण की हुई व्यवस्था



मेट्रो रेज

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद पांच बेसहारा बच्चों की शिक्षा, राशन, पोषण की व्यवस्था एवं बच्चों की नानी के लिए पेंशन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में उपायुक्त चाईबासा को पीड़ित परिवार को हर जरूरी सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की पढ़ाई हेतु व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

**बीडीओ ने पीड़ित परिवार से की भेंट :** चाईबासा डीसी ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा असुरा गांव जाकर पीड़ित परिवार से भेंट किया गया है। इस दौरान पता चला कि बच्चों का ना तो आधार कार्ड है और ना ही जन्म प्रमाण पत्र। बुजुर्ग नानी को पूर्व में पेंशन मिलता रहा है जो किसी कारणवश बंद हो गया। पेंशन के कागजात भी कहीं खो गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र तथा आधार पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

साथ ही, एक बच्चा चार माह का है, उसका पालन उसकी चाची के द्वारा किया जा रहा है। जिस पर प्रशासन के द्वारा आंगनबाड़ी से मिलने वाले पोषक पूरक आहार उपलब्ध करवाने के लिए सहायिका को कहा गया है तथा तीन बच्चों का नामांकन स्थानीय विद्यालय में तथा एक बच्चे का नामांकन आंगनवाड़ी में करवाने की प्रक्रिया और सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने के लिए सभी प्रकार के कागजात को भी अद्यतन किया जा रहा है।

**क्या है पूरा मामला :** मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि पश्चिमी सिंहभूम के झींकपानी स्थित असुरा गांव निवासी साहू पूर्ति एवं दुखी पूर्ति की मृत्यु 24 नवंबर 2024 को हो जाने के बाद उनके पांच बच्चे बेसहारा हो गये हैं। बच्चे को देखने वाले उनकी बुजुर्ग नानी सामाजिक सुरक्षा पेंशन से बंचित है। इसकी जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया था।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–शाहजहॉं अंसारी, उम्र–42 वर्ष, रंग–सॉंवला, ऊॅंचाई–5 फीट, 7 ईंच पहनावा–हरा रंग का जिंस एवं काला रंग का कुर्ता पहने हुए है।**

उपरोक्त लापता व्यक्ति शाहजहॉं अंसारी, उम्र–42 वर्ष, पिता–मुस्ताफा अंसारी, पता–नेवरी, थाना–मेसरा ओ0पी0, जिला–रॉंची जो दिनांक–19.11.2024 को करीब 09:00 बजे घर से कचहरी, रॉंची जाने की बात बोलकर घर से निकले थे आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध मे मेसरा ओ0पी0 सनहा संख्या–15/2024 दिनांक–20.11.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, रॉंची। –9431102090
थाना प्रभारी मेसरा ओ0पी0, रॉंची। –9431706571

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR341010 (Police)24-25*D

**कार्यालय गुमला नगर परिषद्, गुमला**

(Corrigendum-2)

PR NO : 335650 District(24-25)#D के माध्यम से स्थानीय अखबारों में प्रकाशित ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या GML/NP/01/2024-25 (Urban Transportation) के अन्तर्गत निविदा कार्य के तिथियों में Corrigendum-1 (जिसका PR No : 337380 District (24-25)#D है) के माध्यम से परिवर्तन किया गया था। झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर आदेश आचार संहिता लागू होने के कारण परिवर्तित तिथियों के अनुसार कार्रवाई नहीं की जा सकी। वर्तमान में आदर्श आचार संहिता समाप्त हो चुका है। अतएव उक्त निविदा के तिथियों को निम्नवत संशोधित समझा जाय :–

| क्र0 सं0 | विवरणी | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | Date of tender published on website | 09.12.2024 (at 10:00 AM) |
| 2 | Availability of tender online biding | 09.12.2024 (at 10:00 AM) to 16.12.2024 (at 05:00 PM) |
| 3 | Date & time of opening bid | 17.12.2024 (at 03:00 PM) |

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR 341050 District (24-25)_D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
**प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केन्द्र भवन, समाहरणालय परिसर, गुमला**
पिन – 835207 ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

पत्रांक 1085 दिनांक 03.12.2024

**शिशु पंजी/ बाल पंजी अद्यतनीकरण हेतु आम सूचना**

गुमला जिला के सभी कुल 1331 सरकारी प्राथमिक, मध्य, उच्च, उच्चतर विद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2024–25 के शिशु पंजी संधारण/ अद्यतनीकरण का कार्य किया जाना है, जिसमें 03–18 आयुवर्ग के बच्चों की जनसंख्या का आकलन बच्चों के विद्यालय में नामांकित रहने या अनामांकित रह जाने/ ड्रॉपआउट हो जाने से संबंधित जानकारी के उद्देश्य से जिले के सभी सरकारी शिक्षकों को आवंटित गॉंव/टोले घरों का सर्वेक्षण कार्य दिनांक 04.12.2024 से 04.01.2025 तक किया जाना है। संबंधित सर्वेक्षण कार्य में सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक/ मदरसा/ संस्कृत) सभी विद्यालयों के सभी शिक्षक सरकारी विद्यालयों को शिशु पंजी अद्यतन करने हेतु किये जाने वाले घर–घर सर्वे करने में सहयोग करेंगे। उक्त अवधि में जिला कार्यालय के पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी के द्वारा सतत् अनुश्रवण किया जाएगा ताकि त्रुटि रहित ऑंकड़े का संधारण हो सके।

घर–घर सर्वेक्षण कार्य के क्रम में आंगनबाड़ी, विद्यालय प्रबंधन समिति, माता–समिति, स्वयंसेवी संस्था, पंचायत समिति के सदस्य/ जन प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं अभिभावकों से अनुरोध है कि आपके क्षेत्राधीन गॉंव/ टोले घरों का एक भी बच्चा इस सर्वेक्षण कार्य से वंचित न रहे।

इस कार्य में आप सबों का विशेष सहयोग अपेक्षित है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला

PR.NO.341054
Jharkhand Education Project Council(24-25):D

## सुविचार

**सच्ची सफलता वही है जो ईमानदारी और मेहनत से प्राप्त किया जाये**

## बुरे फंसे बाइडन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बेटे हंटर बाइडन को आपराधिक मामलों में माफी देकर अपने कार्यकाल के आखिरी दिनों को विवादास्पद बना दिया है। विशेष परिस्थितियों में किसी दोषी को माफी देना राष्ट्राध्यक्ष का विशेषाधिकार होता है, लेकिन यहां जिस तरह से उसका इस्तेमाल किया गया, उसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। यह मामला सीधे-सीधे परिवारवाद का है और अगर राष्ट्रपति जैसे पद पर बैठी शख्सियत इस तरह के फैसले लेगी, तो उससे जनता के विश्वास को चोट ही पहुंचेगी। बाइडन के पूरे कार्यकाल में उनके बेटे हंटर भी चर्चा में रहे। उन पर दो गंभीर संघीय अपराध साबित हुए थे। एक, बंदूक खरीदने के दौरान ड्रग्स इस्तेमाल करने से जुड़ी गलत जानकारी देना और दूसरा केस टैक्स चोरी का था। हंटर को इसी महीने के आखिर में दोनों केस में सजाएं होनी थीं, लेकिन अपने पिता की ह्यदयाह्ल से अब उन पर कोई आरोप नहीं है। इसने डॉनल्ड ट्रंप को पूछने का मौका दे दिया है कि जनवरी 2021 में हुए दंगे में शामिल लोगों को भी क्या माफी दी जाएगी? कोई हैरत नहीं, अगर अगले महीने पद संभालने जा रहे ट्रंप अपने समर्थकों को नए साल के तोहफे में माफी दे दें। बाइडन इसलिए भी इस मामले में घिर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने गंभीर आपराधिक मामलों में अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया। आमतौर पर इस तरह के निर्णय मानवीयता के आधार पर लिए जाते हैं या फिर उन जगहों पर, जहां मामले राजनीतिक प्रकृति के हों। वैसे, अपनों को राहत देने वाले बाइडन अकेले अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में दामाद को और बिल क्लिंटन ने चचेरे भाई को माफी दी थी। हालांकि दोनों केस में सजा हो चुकी थी, जबकि यहां राष्ट्रपति ने पहले ही क्षमा दे दी, जिसे न्याय व्यवस्था में दखल कहा जाएगा। भारत में भी राष्ट्रपति और राज्यपाल के पास सजा को कम करने या माफ करने का अधिकार है। मंशा जो भी रही हो, लेकिन इस तरह के कदम कई बार विवाद भी पैदा कर देते हैं। 2013 में यूपी सरकार ने सीरियल ब्लास्ट के संदिग्धों पर से इस आधार पर केस वापस लेने का फैसला लिया था कि आरोप राजनीति से प्रेरित थे। हालांकि तब हाईकोर्ट को दखल देना पड़ा।

स्टेट हेड को क्षमा का अधिकार इसलिए दिया गया है, ताकि न्याय प्रणाली में मानवीयता बनी रहे। यह आखिरी हथियार की तरह है, जिसका इस्तेमाल तभी किया जाता है, जब यह लग रहा हो कि किसी को न्याय नहीं मिल सका और उसे सजा देने में गलती हुई है। क्षमा करना सबसे बड़ा धर्म है, लेकिन यह भी मायने रखता है कि इसका पात्र कौन है और जिसे दूसरा मौका दिया जा रहा है, क्या वह उसके लायक है।

## डॉलर की चिंता

अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में अपनी दूसरी पारी की औपचारिक शुरूआत करने से पहले ही डॉनल्ड ट्रंप धमकी भरी घोषणाओं से सनसनी फैलाने लगे हैं। उनकी ताजा घोषणा ब्रिक्स देशों के नाम जारी की गई इस धमकी के रूप में आई है कि अगर इन देशों ने अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने या अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में उसका कोई विकल्प लाने का प्रयास किया तो उन्हें अमेरिकी बाजार से हाथ धोना पड़ सकता है। ध्यान रहे, ब्रिक्स में रूस और चीन जैसे फिलहाल अमेरिका विरोधी माने जाने वाले देश ही नहीं भारत, ब्राजील और साउथ अफ्रीका के साथ ही अब इजिप्ट, ईरान और वअए भी हैं। ट्रंप का यह बयान ब्रिक्स देशों के अक्टूबर में हुए शिखर सम्मेलन का जवाब माना जा रहा है, जिसमें नॉन-डॉलर ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई थी। हालांकि सम्मेलन के आखिर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने साफ कर दिया था कि सिस्टम सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशल टेलिकम्युनिकेशन (रहक्रह्ळ) जैसी वित्तीय संरचना का विकल्प खड़ा करने की दिशा में अब तक ठोस कुछ नहीं किया गया है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि ब्रिक्स को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे उसकी छवि ऐसी बने कि वह वैश्विक संस्थानों की जगह लेना चाहता है। इसके बावजूद अगर ट्रंप इतने आशंकित हैं कि ब्रिक्स देशों से डॉलर का विकल्प खड़ा न करने की गारंटी मांग रहे हैं तो वह अकारण नहीं है। सच यह है कि समय-समय पर कई देशों ने नॉन-डॉलर ट्रांजेक्शन की गुंजाइश तलाशने का प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रयास किया है। खासकर, अमेरिका ने जिस तरह से 2012 में ईरान और 2022 में रूस को रहक्रह्ळ से बाहर करके अंतरराष्ट्रीय वित्तीय लेन-देन की इस व्यवस्था पर अपना दबदबा साबित किया, उसके बाद ऐसे प्रयासों की जरूरत ज्यादा महसूस की जाने लगी। बड़ा सवाल यह है कि क्या डॉनल्ड ट्रंप की यह धमकी सौदेबाजी के मकसद से दी गई है या वह 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालने के बाद सचमुच इस पर अमल करने वाले हैं। एक्सपट्र्स की राय इस पर बंटी हुई है, लेकिन इतना तय है कि यह काम ट्रंप के लिए आसान नहीं साबित होने वाला। अगर वह अपनी इस घोषणा को अमली जामा पहनाने पर अड़े रहे तो संभव है कि फायदे के बदले अमेरिकी अर्थव्यवस्था का और नुकसान करा बैठें। जहां तक भारत के रुख का सवाल है तो उसे इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम रखना होगा। यह सही है कि डॉलर के बजाय अपनी करेंसी में द्विपक्षीय लेनदेन की गुंजाइश बनाए रखना और जरूरत के मुताबिक उसका इस्तेमाल करना भारत के हक में है, लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि डॉलर के दबदबे में कमी प्रकारांतर से अंतरराष्ट्रीय व्यापार

# लहरों के पहरेदार, पराक्रम अपार

**भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरुआत हुई।**

**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना के वीरों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 03 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान की सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तान की नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तान की नौसेना की कमर टूट गई। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2024 के नौसेना दिवस का विषय है नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और शक्ति।नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरूआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है ह्यशं नो वरुणःह्ल अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें।भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए ह्यईस्ट इंडिया कम्पनी मरीनह्ल के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम ह्यईस्ट इंडिया मरीनह्ल से बदलकर ह्यबॉम्बे मरीनह्ल कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम ह्यरॉयल इंडियन नेवीह्ल रखा गया।



देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) कर दिया गया।भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं। बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिंद महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टेक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को साइलेंट किलर कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तान की नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# 'एक हैं, तो सुरक्षित हैं' के मर्म को समझा हिंदू समाज ने

**महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था, जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया।**

**डॉ. आर.के. सिन्हा**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम पर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पांच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक विफलता के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई जमीन को किस तरह वापस हासिल कर ले। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था, जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, ₹एक हैं तो सुरक्षित हैं। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के खिलाफ पूरे हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया गया था। बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ हिंदू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिन्दू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे बंटेंगे तो कटेंगे से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है।मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिंदू मतदाता जुड़े, क्योंकि कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना (उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे।सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिंदू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिंदुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिंदू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। प्रधानमंत्री मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक श्रृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थी- भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है। मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए ₹बटेंगे तो कटेंगे₹ नारे का इस्तेमाल किया।आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ 'बंटेंगे तो कटेंगे' के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा? महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का गहराई से विश्लेषण करने से साफ है कि उपर्युक्त नारे से प्रभावित होकर हिंदू मतदाता एक साथ तो आए। उन्होंने अपने को जाति से ऊपर पहले हिन्दू समाज और सनातनी परंपरा को माना। योगी ने महाराष्ट्र में दो दर्जन से अधिक सभाओं को संबोधित किया। अब जबकि महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजे आ चुके है, तब कहना पड़ेगा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने 'सत्ता की लालसा में' पंथनिरपेक्षता (सभी संप्रदायों के साथ समान व्यवहार) की भावना को तोड़ दिया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिली जीत तथा कई राज्यों में उपचुनाव में मिली बड़ी जीत को ₹एकता₹ तथा 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' नारे के पीछे की भावना बताया । महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गढ़ा गया यह नारा जाति के आधार पर वोटों के बंटने के खिलाफ भाजपा के आह्वान को दर्शाता था। भाजपा के नेता हाल ही में हुए चुनाव में विपक्ष के लोकसभा चुनाव के समय किए मिथ्या प्रचार का जवाब देने में सफल रहे कि मोदी सरकार संविधान में आमूलचूल परिवर्तन करना चाहती है। यह स्वीकार तो करना ही होगा कि भारत के उद्योग और वित्त संसार के गढ़ महाराष्ट्र के लोगों ने 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' के पीछे की भावना को जोरदार तरीके से पुष्ट किया। इस नारे ने उन लोगों को हराया है जो समाज को जाति, धर्म, भाषा में बांटना चाहते थे और समाज को बांटने की कोशिश करने वालों को सजा दी है।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# किस दिन है मार्गशीर्ष पूर्णिमा?

पंचांग के अनुसार, साल में कुल 12 पूर्णिमा तिथियां आती है। इसी में से एक है मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी की विशेष पूजा का विधान है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी की आराधना करने से धन के भंडार खुल जाते हैं और धन-वैभव-ऐश्वर्य की व्यक्ति को प्राप्ति होती है। आइए आपको बताते हैं इस साल कब पड़ रही है मार्गशीर्ष पूर्णिमा, क्या है इस दिन पूजा एवं स्नान-दान का शुभ मुहूर्त और महत्व। मार्गशीर्ष पूर्णिमा कब है हिंदू पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा तिथि का आरंभ 14 दिसंबर, दिन शनिवार को शाम 4 बजकर 58 मिनट पर होगा। इसका समापन 15 दिसंबर, दिन रविवार को रात 2 बजकर 31 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, इस साल मार्गशीर्ष पूर्णिमा 15 दिसंबर को मनाई जाएगी।



**मार्गशीर्ष पूर्णिमा का शुभ मुहूर्त**

मार्गशीर्ष पूर्णिमा का शुभ मुहूर्त सुबह 4 बजकर 12 मिनट से शुरू होगा और सुबह 5 बजकर 5 मिनट पर समाप्त होगा। ब्रह्म मुहूर्त में पूर्णिमा का स्नान करना बेहद शुभ होता है। वहीं, दान का मुहूर्त सुबह 7 बजकर 32 मिनट से शुरू होकर सुबह 8 बजे तक रहेगा।

**पूजा का मुहूर्त :** इस दिन माता लक्ष्मी की पूजा का शुभ समय 7 बजकर 52 मिनट से सुबह 9 बजकर 21 मिनट तक का है। वहीं, चंद्रोदय का समय शाम 5 बजकर 14 मिनट है। ऐसे में चंद्रमा की पूजा करने के लिए शुभ मुहूर्त शाम 6 बजे से रात 7 बजे 45 मिनट तक है।

## सेहत

### सर्दियों में फटे होठों को हील करें

विंटर सीजन में फटे होंठों की समस्या काफी बढ़ने लगती है। जिससे काफी पेरशानी तो बढ़ जाती है, वही चेहरे की सुंदरता को भी काफी प्रभाव पड़ने लगता है। होठों की त्वचा बेहद ही पतली और नाजुक होती है और ऐसे में ठंडी हवा और कम आर्द्रता के कारण होठो से नमी कम होने लगती है। ऐसे में आप अपने होठों को देखभाल के लिए विटामिन ई कैप्सूल को एड कर सकते हैं।

**विटामिन ई और शहद**

सर्दियों में होंठों की देखभाल करने के लिए आप विटामिन ई कैप्सूल को शहद के साथ मिलाकर होंठों पर लगाने से नमी बनी रहेगी और त्वचा भी हाइड्रेट रहेगी। इसके इस्तेमाल के लिए आप विटामिन ई कैप्सूल से तेल निकालें और एक चम्मच शहद में इसे मिलाकर अच्छे से मिला लें। फिर आप होंठों पर लगाएं और इसे 15-20 मिनट तक छोड़ दें और समय पूरा होने पर पानी से साफ कर लें। इससे आपके होंठों को नमी प्रदान करता है।

**विटामिन ई कैप्सूल और नारियल का तेल**

नारियल तेल और विटामिन ई का मिश्रण त्वचा की नमी बनाए रखता है। अपने फटे होठों को जल्दी ठीक करने के लिए मदद करता है। नारियल तेल में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा को हेल्दी बनाए रखता है। विटामिन कैप्सूल का तेल निकालें और इसे एक चम्मच नारियल तेल में मिलाकर अच्छे से मिक्स कर सकते हैं। इसको आप रात को लगा सकते हैं फिर देखें चमत्कार। ऑलिव ऑयल और विटामिन ई कैप्सूल को एक साथ मिलाकर होंठों पर लगाने से त्वचा में नमी बनीं रहती है। ऑलिव ऑयल में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो त्वचा तो हाइड्रेटेड और हेल्दी रखते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के खिलाफ देवघर में आक्रोश रैली

# भाजपा और हिंदू संगठनों ने जताया विरोध

मेट्रो रेज




**देवघर:** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे लगातार अत्याचार की खबर को देखते हुए जहां पूरे देश में विरोध हो रहा है, वहीं देवघर में भी हिंदू संगठन और भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विरोध किया जा रहा है. इसी को लेकर देवघर में मंगलवार को क्लब ग्राउंड से लेकर समाहरणालय तक रैली निकाली गई. जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया.

इस रैली में शामिल भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक नारायण दास ने कहा कि जिस तरह से बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है वह निंदनीय है. वहीं हिंदू संगठन के नेता उमाकांत राय ने कहा कि जिस तरह से बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, यह हम हिंदुओं के लिए शर्मनाक है. एक तरफ विश्व में जहां हिंदुओं की संख्या कम हो रही है, वहीं बांग्लादेश जैसे देश में हिंदुओं के साथ हो रहा दुर्व्यवहार कहीं न कहीं सनातन धर्म पर सीधा खतरा है. इस रैली में बांग्लादेश के हिंदुओं के समर्थन में आए स्वामी गोपाल दास ने कहा कि एशिया महादेश में हिंदुओं की संख्या लगातार काम हो रही है. क्योंकि पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों में हिंदुओं का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है. इसके अलावा रैली में शामिल भाजपा के नेताओं और हिंदू संगठन के लोगों ने कहा कि एक तरफ झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ घुसकर आदिवासियों की संख्या को कम कर रहे हैं. दूसरी ओर बांग्लादेश में अल्पसंख्यक के रूप में जो हिंदू रह रहे हैं, उन्हें भी कम करने का प्रयास किया जा रहा है. ऐसे में पूरे विश्व से हिंदुओं की संख्या कम हो जाएगी और सनातन धर्म पर यह सीधा प्रहार होगा. बांग्लादेश के हिंदुओं के समर्थन में आए लोगों ने कहा कि सनातन धर्म को बचाने के लिए आज देवघर के बाबा बैद्यनाथ की धरती पर रैली के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है, कि झारखंड के संथाल परगना में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठ को चिन्हित कर उस पर कार्रवाई की जाए. ताकि हिंदू और सनातन की संख्या कम होने से बचाया जा सके. देवघर के क्लब ग्राउंड से लेकर समाहरणालय तक पहुंचने के बाद रैली में शामिल लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट ऑफिस में मौजूद अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और संथाल में आए बांग्लादेशियों पर कार्रवाई को लेकर आग्रह किया.

## आप सभी को किसी प्रकार की जरूरत हो तो आप सीधे संपर्क कर सकते हैं : निदेशक



मेट्रो रेज

साहिबगंज:विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर ट्रस्ट और बाल कल्याण समिति के सहयोग से स्थानीय दिव्यांग विद्यालय वान उडेंन मूक बधिर विद्यालय में बच्चों को दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर आईटीडीए निदेशक संजय कुमार ने कहा कि दिव्यंगता अभिशाप नहीं है।और दिव्यांग बच्चे हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग है।इनकी सुरक्षा शिक्षा और सर्वांगीण विकास हम सभी का प्रथम कार्य है।उन्होंने विस्तार से दिव्यांग बच्चों को प्राप्त होने वाले सुविधाओं की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि आप सभी को किसी प्रकार की जरूरत हो तो आप सीधे संपर्क कर सकते हैं।बाल कल्याण समिति के सदस्य और कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि आज दिव्यांग दिवस के अवसर पर इन बच्चों को दैनिक उपयोग की सामग्री,खाद्य पदार्थ और खेल की सामग्री उपलब्ध कराई गई है।आज का भोजन संत जेवियर विद्यालय के कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने उपलब्ध कराया था।इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी,पूजा झा,कंचन कुमारी, लैला हरिन,आनंद कुमार,सिस्टर अंकिता,सहित विद्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 19 खो खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले से 02 खिलाड़ी रवाना



मेट्रो रेज

साहिबगंज:फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम दिल्ली सरकार द्वारा आगामी 25 से 30 दिसम्बर को दिल्ली शहर में आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 19 खो -खो प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु नंदनी कुमारी एवम दुर्गेश कुमार +दो उच्च विद्यालय,कोदरजन्ना का चयन झारखंड टीम में किया गया है। 02 से 22 दिसम्बर तक रांची में आयोजित विशेष कैंप में भाग लेने के लिए दोनों खिलाड़ी रांची रवाना हुए । ज्ञात हो नंदनी कुमारी एवम दुर्गेश कुमार झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा नवंबर माह में रांची में संपन्न खेलो झारखंड राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन कर झारखंड टीम में स्थान बनाने में सफल रहे। जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला ओलम्पिक संघ के राजेश यादव, माधव चंद्र घोष, कल्याण श्रीवास्तव, संतोष उर्फ टिंकू,खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव,अशोक साहनी, प्रकाश सिंह बादल,निमाई चौधरी,खेल शिक्षक बिरेंद्र कुमार आदित्य कुमार, बमबम कुमार प्रभारी प्रधाना ध्यापिका वंदना कुमारी,सोने लाल,आलोक कुमार,चंदन कुमार, प्रणव शर्मा, तोहिद आलम, महफूज सुभाषित कुमार, संतोष कुमार समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभ कामना दी ।

## बांग्लादेशी सरकार अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार करना बंद करो : अनंत ओझा

### मंदिर गुरुद्वारा चर्च हिंदुओं पर हमला करना बंद करो बंगलादेश सरकार

मेट्रो रेज



साहिबगंज:-पिछले कई महीनो से भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर विभिन्न संगठनों के द्वारा आज जन आक्रोश रैली निकाली गई यह रैली जिले के रेलवे स्टेशन से होते हुए शहर के रास्ते जिला मुख्यालय पहुंची जहां सभी हिन्दू संगठनों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया।साथ ही साहिबगंज उपायुक्त के द्वारा के देश के राष्ट्रपति और भारत सरकार को मेमोरेंडम सोपा गया। वही मौके पर राजमहल विधानसभा के पूर्व विधायक अनंत ओझा ने मीडिया को बताया कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समाज के ऊपर जो अमानवीय घटनाए घट रही है। इस्लामिक चरम पंथ्यों के द्वारा लगातार हमले किए जा रहे हैं। जब से वहां सत्ता में बदलाव हुआ है तब से इस प्रकार के लगातार कुकरित किया जा रहे हैं निश्चित रूप से अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इस दिशा में पहल करें सर्व सनातन समाज के द्वारा आज आक्रोश मार्च रैली निकाली गई है इस्कॉन के जो महर्षि को गिरफ्तार किया है उसे अभिलंब रिहा करने की मांग की जा रही है। हिंदुओं पर जो और मानवीय कृत हो रहा है उसे रोकने के दिशा में अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं कम करें।वही रैली में शामिल स्वामी परमानंद जी महाराज ने बताया कि हम लोगों का मांग है कि हमारे हिंदू समाज सनातन धर्म की रक्षा के लिए जल्द से जल्द सरकार कोई पहल करें जिस तरह बांग्लादेश में हमारे हिंदू धर्म पर मठ मंदिरों को तोड़ा जा रहा है इसकी सुरक्षा कैसे हो इसको लेकर राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि हमारे सनातन धर्म की रक्षा हो। वही ओर पंकज मंडल बजरंग सेना युवा प्रदेश अध्यक्ष झारखंड प्रदेश के द्वारा मांग करते हुए कहा की बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों,श्चिन्मय कृष्ण दास जी को अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त करें।बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमलों, हत्या, लूट, आगजनी और महिलाओं पर अमानवीय अत्याचार चिंताजनक हैं।यह अत्याचार इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हो रहे हैं और वर्तमान बांग्लादेश सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

## मैं आपकी उम्मीदों पर हमेशा खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा : विधायक

मेट्रो रेज



साहिबगंज/उधवा: प्रखंड के चांदशहर पंचायत के पश्चिम टोला में मंगलवार को राजमहल के नवनिर्वाचित लोकप्रिय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा का स्वागत सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान विधायक एमटी राजा को इंडिया गठबंधन के नेता व कार्यकताओं के द्वारा बारी बारी से बुके व फूल मालाएं देकर भव्य स्वागत किया। वही महबूब आलम ने चांदशहर में शिक्षा, जर्जर तार, स्वास्थ्य और कब्रिस्तान घेराबंदी की समस्या को लेकर विधायक को अवगत कराया। विधायक एमटी राजा ने समस्याओं को समाधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं।जिन्होंने मुझे विश्वास दिया और मुझे विधायक चुना। मैं आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहूंगा। मै आपके क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। आज आपके बीच पहुंचा हूं ताकि मैं आपको समस्याओं को सुनकर उसका समाधान कर सकूं। मैं शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दूंगा। मैं आपकी समस्याओं को सुनने और समाधान करने के लिए हमेशा तैयार रहूंगा। मौके पर राजेश नदाब,बरकत शेख, केशरुल शेख, जैनुल आबेदीन शेख, बाबुल शेख, महबूब आलम, सनवार शेख, नेहरुल इस्लाम, टीपू सुलतान, मो तमरुद्दीन, विश्वजीत मंडल, सलाउद्दीन, जहंगीर शेख, अफारूल शेख, सरेफुल शेख, राजीव शेख, तस्लीम नदाब,अब्दुल मतीन, अनवारूल शेख, भगत नदाब, अखलाकूर रहमान, हफीजुर शेख, निसार अहमद,रबीउल आलम, ताहेर शेख, सद्दाम हुसैन, इलियास शेख,समीउल नदाब आदि थे।

### सभी कृषकों को समय से बीज अपने खेतों में लगाने का निर्देश

**साहिबगंज:** सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा एग्री स्मार्ट विलेज शोभनपुर भट्ठा मे 70 कृषकों को विभिन्न प्रकार के बीज किट प्रखंड परिसर में निशुल्क प्रदान किया।उक्त अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव पांडेय सहायक तकनीकी प्रबंधक अंजू कुमारी,प्रखंड समन्वयक रणधीर कुमार,एग्री स्मार्ट विलेज के सीआरपी मुकेश यादव उपस्थित थे।कृषकों को बीज के साथ बायोपेस्टिसाइड भी निशुल्क प्राप्त हुआ।प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी कृषकों को समय से बीज अपने खेतों में लगाने का निर्देश दिया गया।साथ ही बीज फलन के समय स्वयं से क्षेत्र में निरीक्षण के लिए पहुंचने की बात कही गई।निशुल्क बीज वितरण प्राप्त करने पर सभी किसान काफी खुश नजर आए।

### पीएलएफआई की वापसी से खूंटी पुलिस चौकस

# नक्सलियों ने एक सप्ताह के भीतर दो बड़ी वारदातों को दिया अंजाम

मेट्रो रेज






**खूंटी:** नक्सली संगठन पीएलएफआई एक बार फिर खूंटी पुलिस के लिए चुनौती बनकर उभरा है. चुनावी घोषणा के बाद जिले में पोस्टरबाजी कर पीएलएफआई नक्सलियों ने अपनी दस्तक दी थी. साथ ही पिछले दिनों गाड़ियों में आग लगाकर अपनी मौजूदगी दर्ज करायी थी. एक सप्ताह के भीतर पीएलएफआई नक्सलियों ने दो बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया था. इसके बाद पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है. साथ ही नक्सलियों ने रविवार देर रात कर्रा में रेलवे साइट पर पंपलेट चस्पा किया था और वाहनों में आग लगाने का प्रयास किया था.

विधानसभा चुनाव से महज कुछ दिनों पहले खूंटी और कर्रा थाना के समीप पोस्टरबाजी कर पीएलएफआई नक्सलियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी. लगभग एक महीने बाद तोरपा में सड़क निर्माण कार्य में लगी गाड़ियों में आगजनी की वारदात को अंजाम दिया. उसके बाद रविवार देर रात कर्रा थाना क्षेत्र के लोधमा रेलवे फाटक के समीप रेलवे निर्माण कार्य में लगी एजेंसी से लेवी की मांग को लेकर पंपलेट चस्पा किया गया. इसके बाद दहशत फैलाने की नीयत से निर्माण कार्यों में लगी गाड़ियों को जलाने के लिए आग का गोला फेंका गया. आग का गोला देख मजदूर बाहर निकले और आग बुझा दिया. इस कारण गाड़ियां जलने से बच गईं. तोरपा आगजनी कांड के बाद पुलिस ने एक नक्सली राजेश गोप उर्फ मलिंगा को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और जेल भेज दिया था. उसकी गिरफ्तारी डोड़मा से हुई थी. पुलिस ने बताया कि दो वर्ष पूर्व राजेश गोप जेल से छूटा था. थाने में हाजिरी देने के बावजूद भी कांड को अंजाम दिया. पुलिस का दावा है कि राजेश गोप के अन्य सहयोगी भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा.

जिले में हाल के दिनों में हुई नक्सली कांडों को लेकर खूंटी एसपी अमन कुमार ने बताया कि जिले में अब नक्सली संगठन पीएलएफआई का वर्चस्व खत्म होता जा रहा है. पहले खूंटी में पीएलएफआई काफी सक्रिय था. जोनल कमांडर, एरिया कमांडर भी होते थे. क्षेत्र में पीएलएफआई की सक्रियता के वक्त गांव के ग्रामीण भी पीएलएफआई का साथ देते थे, लेकिन आज गांव-गांव तक पुलिस की पहुंच के कारण नक्सली संगठन कमजोर हुए हैं. एसपी ने कहा कि नक्सली गतिविधियां पूर्व की तुलना में काफी कम हो गई हैं. पुलिस नक्सली संगठनों पर अंकुश लगाने में सफल रही है. हालांकि क्षेत्र में कुछ आपराधिक तत्व छिटपुट आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में लगे हैं. खूंटी पुलिस क्षेत्र में सक्रिय आपराधिक गुर्गों की पहचान कर क्षेत्र को नक्सलमुक्त और अपराधमुक्त बनाने की दिशा में अग्रसर है. उन्होंने कहा कि पूर्व में सड़क निर्माण कार्य में लगी मशीनों में आग लगाने की घटना में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी. एसपी अमन कुमार ने कर्रा रेल लाइन निर्माण कार्य क्षेत्र में पोस्टर चस्पा करने के मामले में बताया कि खूंटी पुलिस पोस्टर लगाने वाले आपराधिक तत्वों की पहचान में जुटी है. क्षेत्र में निर्माण कार्य बाधित करने वाले पुराने या नए सभी आपराधिक तत्वों की पहचान जल्द की जाएगी. फिलहाल रेलवे का निर्माण कार्य मंगलवार से तेज हो गया है. निर्माण साइट पर पुलिस बल की व्यवस्था करा दी गई है. एसपी ने बताया कि कांडों को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही है. जल्द ही पुलिस टीम आपराधिक तत्वों का उद्भेदन करेगी.

## न्यूज IN ब्रीफ

### नाबालिग लड़की को लेकर फरार युवक पकडाया

साहिबगंज: महगामा पुलिस की टीम ने मंगलवार को जिरवाबाड़ी थाना पहुंच कर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर थाना क्षेत्र के रहने वाला एक मुस्लिम युवक सद्दाम हुसैन पिता मुमताज आलम एवं गोड्डा जिले के महगामा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की को अपने हिरासत में लेकर चली गई। आरोपित युवक ने बताया कि दो साल पहले उक्त नाबालिग लड़की से सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। जिसके बाद दोनों में प्यार हो गया और वे लोग एक दूसरे से शादी करना चाहते थे।जिसके बाद वो उत्तरप्रदेश से महगामा आकर प्यार करने वाली लड़की को लेकर फरार हो गया है। इधर बताया जा रहा है। कि नाबालिग लड़की के स्वजनों ने इसकी जानकारी मिलते ही इसकी शिकायत महगामा थाना क्षेत्र की पुलिस से किया। जिसके बाद दोनों लड़का लड़की की तलाश में पुलिस जुट गई। छानबीन के दौरान महागामा पुलिस को सूचना मिली कि रांची से साहिबगंज आने वाली किसी बस में दोनों जा रहे हैं। सूचना के आलोक में इस मामले की जानकारी महागामा पुलिस ने जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पंकज दुबे को दिया।जिसके बाद थाना प्रभारी पंकज दुबे ने बाहर से आने वाले बसों में जांच अभियान चलाया। वही रांची से साहिबगंज आने वाली आशीर्वाद बस से दोनों लड़का लड़की को बरामद कर लिया गया। और इसकी जानकारी महगामा थाना क्षेत्र की पुलिस को दी गई। जिसके बाद महगामा थाना क्षेत्र की पुलिस जिरवाबाड़ी थाना पहुंची और कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों लड़का लड़की को अपने हिरासत में लेकर चली गई।


### चापानल को लेकर आपस में भिड़े दो पड़ोसी

साहिबगंज :मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालबथानी मुसहरी टोला निवासी अनिल चौधरी पुत्र विपिन कुमार चौधरी उम्र 13 सहित अन्य स्वजनो को पड़ोस के रहने वाले पांच से छह लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायल अपनी इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे।वही घायल अनिल चौधरी के पत्नी ने सलमाती देवी ने बताया कि अपने जमीन पर चापानल लगाए थे जो खराब हो गया है। मेरे पति ने चापानल को खोल कर घर लाया। जिसे देख अनिल चौधरी के बड़ा भाई सदानंद चौधरी आया और मेरा छोटा बेटा विपिन को डंडा से सिर पर मार कर घायल कर दिया। वही जब मेरे पति को पता चला दौड़ के घर आया तो उसे भी सदानंद चौधरी , स्वार्थी देवी, प्रमिला देवी सहित अन्य लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।वही मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जीआरपी थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग


साहिबगंज: मालदा रेलखंड के अंतर्गत वयीर अनुभाग अभियंता समाडी कार्यालय अधीक्षक राजीव कुमार ने विंध्यवासिनी ट्रेडर्स एवं सुपरवाइजर प्रदीप शर्मा एवं पर्यवेक्षक रवि रंजन के ऊपर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जीआरपी थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।राजीव कुमार ने बताया कि हमेशा की तरह मैं अपने कार्यालय में काम कर रहा था और कर्मचारियों का पास बना रहा था। तभी प्रदीप शर्मा व रवि रंजन मेरे कार्यालय में आए और टेबल पर स्कोर कार्ड का फाइल फेंक कर बोले कि इस तरह से कार्ड बनाया जाता है। तभी मैंने नम्रता के साथ कहा कि मैं अपने कर्मचारियों का पास बना रहा हूं आपकी जो भी समस्या है साहब को जा कर बताइए। इसी दौरान राजीव और रवि ने मेरा कॉलर पकड़ कर मेरे साथ मारपीट करने लगे और सारा सामान इधर-उधर फेंक दिया। इस घटना को सभी कर्मचारियों ने भी देखा। फिर मैं इस घटना की जानकारी अपने वरीय अधिकारी को दिया लेकिन एक-दो घंटे बीत जाने के बावजूद किसी ने भी संज्ञान में नहीं लिया। इधर जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित होकर बाईक सवार गिरा, घायल




साहिबगंज/मंडरो :प्रखंड के मिजाचौकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भगैया-मिजाचौकी मुख्य सड़क के बीच स्थित भगत टोला भगैया के पास मंगलवार देर शाम भगैया सप्ताहिक हाट की तरफ से एक बाइक पर सवार होकर एक युवक आ रहा था ।उसी के दौरान अनियंत्रित होकर ब्रह्म स्थान के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे उठा दिया गया। वही युवक दुर्घटना स्थल से लगभग 100 मीटर आगे की ओर बढ़ा और सड़क के किनारे अवैध रूप से खड़ा एक हाईवा वाहन में पीछे की ओर से अचानक जाकर टकरा गया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ग्रामीणों की मदद से भगैया स्थित एक निजी क्लीनिक उपचार के लिए पहुंचा गया डॉक्टर ने प्रथम उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया खबर लिखे जाने तक युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही थी। सड़क दुर्घटना में घायल युवक का पहचान इशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र के छोटी मेहंदी पोखर गांव निवासी कासिम अंसारी उम्र लगभग 28 वर्ष पिता मन्ना अंसारी बताया जा रहा है।

### आगलगी में पीड़ित को हजारों का नुकसान



**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तरी बेगमगंज पंचायत अंतर्गत गोबरगाड़ी गांव में मंगलवार को एक घर में अचानक आग लग गई। आगलगी की घटना में एक घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया। पीड़ित के अनुसार घटना में हजारों रूपए का नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे हिरालाल मंडल के घर के ऊपर छत में टट्टी फूस से बनी एक कमरा में अचानक आग लग गई।घटना के समय लोगों में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस घटना में पूरा कमरा धू-धू कर जल कर राख हो गया। पीड़िता मीना देवी ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे छत के ऊपर बने घर में अचानक आग लग गई। जिससे घर में रखे लगभग 10 क्विंटल पटसन कीमत करीब 50 हजार रुपए, 2 साईकिल, एक स्टैंड पंखा, अनाज, बर्तन कपड़े सहित अन्य जरूरी कीमती सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग किया है।



# बॉलीवुड अभिनेत्री नरगिस फाखरी की बहन आलिया को न्यूयॉर्क में गिरफ्तार!

बॉलीवुड अभिनेत्री नरगिस फाखरी अपने करियर से संबंधित कारणों से सुर्खियों में आ गई हैं, क्योंकि उनकी बहन आलिया फाखरी को न्यूयॉर्क के क्वींस में दोहरे हत्याकांड के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। 43 वर्षीय आलिया पर दो मंजिला गैरेज में आग लगाने का आरोप है, जिसके कारण उसके पूर्व प्रेमी एडवर्ड जैकब्स, 35, और उसके नए दोस्त अनास्तासिया, 33 की मौत हो गई। कथित तौर पर ईर्ष्या के कारण हुई इस घटना ने स्थानीय समुदाय को झकझोर कर रख दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, आलिया फाखरी ने गैरेज में आग लगा दी, जिससे दोनों पीड़ित अंदर फंस गए। जिला अटॉर्नी मेलिंडा कैट्ज ने इसे ₹दुर्भावनापूर्ण₹ कृत्य बताया, जिससे उनकी मौत धुएं के कारण और थर्मल इंजरी के कारण हुई। कैट्ज ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, ₹इस अभियुक्त ने एक पुरुष और एक महिला को आग में फंसाकर दो लोगों की जान ले ली। क्वींस क्रिमिनल कोर्ट में अभियोग के दौरान आलिया फाखरी को जमानत देने से इनकार कर दिया गया। जबकि 2011 में अपनी पहली फिल्म रॉकस्टार से प्रसिद्धि पाने वाली नरगिस फाखरी ने अभी तक इस दुखद घटना पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है, उनकी माँ ने आलिया का बचाव करते हुए कहा, ₹मुझे नहीं लगता कि वह किसी की हत्या करेगी। वह एक ऐसी इंसान थी जो सभी का ख्याल रखती थी। उसने सभी की मदद करने की कोशिश की।₹ नरगिस की माँ ने आगे बताया कि आलिया को दांतों की एक दुर्घटना के बाद ओपियोइड की लत लग गई थी, जिसने उसके व्यवहार में योगदान दिया हो सकता है। अपराध स्थल पर मौजूद एक गवाह ने घटनाओं की एक परेशान करने वाली श्रृंखला को याद किया। ₹हमें कुछ जलने की गंध आई। मुझे नहीं पता कि यह गैसोलीन था या कुछ और। हम भागे, और सीढ़ियों पर सोफा जल रहा था, और हमें बाहर निकलने के लिए उस पर कूदना पड़ा। स्टार मेरे साथ कूद गई, लेकिन वह जैकब्स को बचाने के लिए वापस अंदर चली गई,₹ गवाह ने बताया। उन्होंने यह भी कहा कि आलिया ने पहले भी जैकब्स के घर को जलाने की धमकी दी थी और उनका रिश्ता अपमानजनक था। एडवर्ड जैकब्स, एक 35 वर्षीय प्लंबर, और अनास्तासिया एटिएन कथित तौर पर रोमांटिक रूप से शामिल नहीं थे, लेकिन दोस्त थे। एडवर्ड की माँ के अनुसार, दंपति एक साल पहले अलग हो गए थे, लेकिन आलिया कथित तौर पर उसका पीछा करती रही। जैकब एक संपत्ति पर काम कर रहा था, जिसे गैरेज में अपार्टमेंट में बदलना था, जो दुखद आग का स्थल था।




रेड सी फिल्म फेस्टिवल का चौथा संस्करण 5 दिसंबर से शुरू होगा और 14 दिसंबर को समाप्त होगा।

# आमिर खान और एमिली ब्लंट को रेड सी फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित किया जाएगा

**बॉलीवुड** सुपरस्टार आमिर खान और ब्रिटिश स्टार एमिली ब्लंट को रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित किया जाएगा। फेस्टिवल के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने इसकी घोषणा करते हुए एक पोस्ट शेयर किया। यह फेस्टिवल इस महीने सऊदी अरब के जेद्दा में शुरू होगा। इस समारोह में आमिर खान के अलावा ब्रिटिश स्टार एमिली ब्लंट को भी सम्मानित किया जाएगा। अभिनेता वियोला डेविस और मोना जकी भी उन मशहूर हस्तियों की सूची में शामिल हैं जिन्हें इस कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। इस बारे में आमिर ने हॉलीवुड रिपोर्टर को एक बयान दिया, जिसमें लिखा था, ₹सिनेमा मेरा आजीवन जुनून रहा है और दुनिया भर के कलाकारों के ऐसे प्रेरक समूह के बीच होना वाकई विनम्र करने वाला है। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल द्वारा सम्मानित किए जाने पर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं क्योंकि यह सिनेमा के प्रभाव और जादू का जश्न मनाता है। मैं अपने अनुभव साझा करने, दूसरों से सीखने और सामूहिक रूप से कहानी कहने की कला का जश्न मनाने के लिए उत्सुक हूं जो हम सभी को एकजुट करती है। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अभिनेता को श्रद्धांजलि देते हुए, फेस्टिवल आयोजकों ने एक पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, अपनी असाधारण कहानी कहने और सार्थक सिनेमा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाने वाले आमिर ने भारतीय फिल्मों की वैश्विक धारणा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस साल फेस्टिवल में फिल्म की दुनिया में उनके अविश्वसनीय योगदान का जश्न मनाने के लिए हमारे साथ जुड़ें। रेड सी फिल्म फेस्टिवल का चौथा संस्करण 5 दिसंबर से शुरू होगा और 14 दिसंबर को समाप्त होगा। आमिर और ब्लंट के अलावा, एंड्रयू गारफील्ड, ईवा लोंगोरिया, करीना कपूर खान और रणबीर कपूर भी फेस्टिवल की शोभा बढ़ाएंगे।

# ला लीगा : एथलेटिक बिलबाओ का सामना रियल मैड्रिड से



एजेंसी


**मैड्रिड :** एथलेटिक क्लब बिलबाओ और रियल मैड्रिड बुधवार रात एथलेटिक के सैन मैम्स स्टेडियम में आमने-सामने होंगे, जिसमें एथलेटिक की नजरें क्लासिफिकेशन में चौथे स्थान को मजबूत करने पर होंगी। ऑरेलियन टचौमेनी चोट के बाद रियल मैड्रिड के लिए वापस आ गए हैं, लेकिन विनीसियस जूनियर को बाहर रखा गया है, साथ ही लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले दानी कार्वाजल, एडर मिलिटाओ और डेविड अलाबा को भी बाहर रखा गया है। किलियन एमबाप्पे ने सप्ताहांत में अपने गोल के सूखे को समाप्त कर दिया, लेकिन गेटाफे के खिलाफ मौके गंवाने के बाद भी वे सुर्खियों में रहेंगे। एथलेटिक ने रेयो वैलेकानो के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज कर मैड्रिड में प्रवेश किया, जिसमें दोनों गोल मिडफील्डर ओइहान सैंसेट ने किए, जिनके पिछले तीन गोलों ने उनकी टीम को छह अंक दिलाए हैं। एथलेटिक खचाखच भरे मैदान में तेज गति बनाए रखने और मैड्रिड पर दबाव बनाने के साथ एमबाप्पे और रोड्रिगो की सर्विस को भी कम करने की कोशिश करेगा। बुधवार को कोपा डेल रे में कई शीर्ष टीमें स्पेनिश खेल के तीसरे और चौथे स्तर के प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ मैदान में उतरेंगी। रेयो वैलेकानो का सबसे कठिन मैच तीसरे स्तर के यूनियनिस्टास डी सलामांका के खिलाफ है, जबकि खराब फॉर्म में चल रही बेटिस कैटलन की टीम सैंट आंद्रेउ के खिलाफ खेलेगी। गिरोना लॉग्रोन्स का दौरा करेगी और विलारियल स्पेन के उत्तर-पश्चिम में पोंटेवेद्रा से भिड़ेगी, जबकि लेगानेस एस्टेपोना से और वालेंसिया एसडी एजिया से भिड़ेगी, जिसने पहले दौर में छठी श्रेणी के एस्कुएला पार्ला को कड़ी टक्कर दी थी।

## स्पेनिश फुटबॉलर जारागोजा मेटाटार्सल हड्डी टूटने के कारण एक महीने तक रहेंगे मैदान से बाहर



**मैड्रिड :** ओसासुना के स्पेनिश फुटबॉलर ब्रायन जारागोजा सोमवार रात को सेविला के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ हुए मैच में अपने पैर की हड्डी टूटने के बाद 2025 की शुरूआत तक फिर से नहीं खेल पाएंगे। नवारे क्षेत्र के क्लब ओसासुना ने जारागोजा की चोट के बारे में एक विज्ञप्ति में बताया कि उनके दाहिने पैर की पाँचवीं मेटाटार्सल हड्डी टूट गई है, मंगलवार को किए गए परीक्षणों से चोट की पुष्टि हुई। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि वह अपनी रिकवरी प्रक्रिया शुरू करने के लिए पैम्प्लोना लौटेंगे, लेकिन उनकी वापसी की कोई सटीक तारीख नहीं बताई गई, हालांकि यह संभावना नहीं है कि वह 2025 की शुरूआत तक खेल पाएंगे और संभवतः जनवरी के अंत तक पूरी तरह से फिट नहीं होंगे। जारागोजा गुरुवार को सेउटा खेलने के लिए ओसासुना की कोपा डेल रे यात्रा और 2024 के अंत से पहले अलावेस, एस्पेनयोल और एथलेटिक क्लब बिलबाओ के खिलाफ ला लीगा खेलों से चूक जाएंगे। बायर्न म्यूनिख से लोन पर आए विंगर ने इस सीजन में एक गोल और पांच असिस्ट के साथ प्रभावित किया है, उनके क्लब के प्रदर्शन ने उन्हें स्पेन की राष्ट्रीय टीम के दल में वापस बुला लिया है।

## एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप: भावना, मेनिका का शानदार प्रदर्शन, भारत ने हांगकांग को हराया



**नई दिल्ली :** भारतीय महिला हैंडबॉल टीम ने भावना शर्मा और मेनिका के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मंगलवार को हांगकांग के खिलाफ 31-28 से जीत के साथ 20वीं एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप (एडब्ल्यूएचसी) 2024 में अपने अभियान की शुरूआत की। 'चक दे इंडिया' और 'भारत माता की जय' के नारों के बीच भारत ने मैच की सकारात्मक शुरूआत की और टूर्नामेंट का अपना पहला गोल प्रियंका ठाकुर के जरिए किया, जिन्होंने 2022 एशियाई महिला जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारत की ऐतिहासिक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कुछ क्षण बाद, अनुभवी खिलाड़ी मेनिका ने अपना खाता खोला और भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। सैफ खेलों की स्वर्ण पदक विजेता कप्तान दीक्षा कुमारी ने पहले 30 मिनट की अवधि के भीतर तीन विपक्षी पेनल्टी रोककर इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे मध्यांतर तक भारत 16-10 से आगे रहा। हांगकांग ने पुनः आरंभ के बाद अपने खेल को और बेहतर बनाया और अपनी रणनीति में बदलाव किया। हालांकि, भारत ने अपने मजबूत बचाव के साथ विपक्षी टीम के हर प्रयास को असफल किया और अंततः शानदार जीत दर्ज की। भावना ने जूनियर चैंपियनशिप में अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी जीता। इससे पहले, कजाकिस्तान ने हैवीवेट चीन को 28-26 से हराया। दूसरे मैच में, जापान ने सेंटरबैक काहो नाकायमा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ईरान को 34-14 से हराया। मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया ने दिन के आखिरी मैच में सिंगापुर 47-5 के स्कोर के साथ हराया। विंगर जियोन जियोन ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता।

# टीपीएल 6 पहला दिन : बोपन्ना की राजस्थान रेंजर्स और विष ु वर्धन की हैदराबाद स्ट्राइकर्स तालिका में शीर्ष पर

एजेंसी

**मुंबई :** टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) सीजन 6 के पहले दिन मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में कई बेहतरीन और रोमांचक मैच खेले गए, जिसमें रोहन बोपन्ना जैसे खिलाड़ियों ने प्रशंसकों के लिए शानदार खेल दिखाया। मैच चारकोल रंग के कोर्ट पर खेले गए और मंगलवार को सभी आठ टीमों ने इसमें हिस्सा लिया। राजस्थान रेंजर्स, हैदराबाद स्ट्राइकर्स, यश मुंबई ईगल्स और चेन्नई स्मैशर्स ने टेनिस के रोमांचक दिन के अंत में शानदार जीत दर्ज की। राजस्थान रेंजर्स और गुजरात पैंथर्स के बीच सीजन के पहले मैच में मुकाबला शुरू हुआ, जिसमें महिला एकल वर्ग में क्रिस्टीना दीनू का मुकाबला एकातेरिना काज़ियोनोवा से हुआ। क्रिस्टीना दीनू ने पहले गेम में कड़े मुकाबले में 14-11 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। ??राजस्थान रेंजर्स के आर्थर फेरी ने पुरुष एकल में गुजरात पैंथर्स के सुमित नागल को इसी स्कोर (14-11) से हराया। राजस्थान रेंजर्स ने मिक्स्ड डबल्स वर्ग में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जिसमें रोहन बोपन्ना और क्रिस्टीना दीनू ने विजय सुंदर प्रशांत और



एकातेरिना काज़ियोनोवा को 14-11 के स्कोर के साथ हराया। पुरुष युगल वर्ग में रोहन बोपन्ना और आर्थर फेरी की जोड़ी ने सुमित नागल और विजय सुंदर प्रशांत को 15-10 के स्कोर के साथ हराया, जिससे राजस्थान रेंजर्स ने गेम 57-43 से जीत लिया। हैदराबाद स्ट्राइकर्स और बंगाल विजाड्र्स के बीच पहले दिन दूसरा मैच खेला गया। हैरियट डार्ट और कामिला राखीमोवा ने महिला एकल वर्ग में 18-7 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल वर्ग में बेंजामिन लॉक ने निकी पूनाचा के खिलाफ कड़ी टक्कर दी और 16-9 के स्कोर के साथ जीत दर्ज की। मिश्रित युगल वर्ग में हैरियट डार्ट और विष्णु विनोद का मुकाबला कामिला राखीमोवा और श्रीराम बालाजी से हुआ। बंगाल विजाड्र्स ने 13-12 के स्कोर के साथ रोमांचक मुकाबला जीता। पुरुष युगल वर्ग में निकी पूनाचा और श्रीराम बालाजी ने बेंजामिन लॉक और विष्णु विनोद को 14-11 के स्कोर के साथ हराया, लेकिन हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने 57-43 से मैच जीत लिया। दिन के तीसरे मैच में पंजाब पैट्रियट्स और यश मुंबई ईगल्स आमने-सामने थे। महिला एकल में एलिना अवनेस्यान ने जेनेप सोनमेज के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 13-12 के स्कोर से जीत हासिल की। ??पुरुष एकल में यश मुंबई ईगल्स के करण सिंह ने पंजाब पैट्रियट्स के मुकुंद शशिकुमार के खिलाफ 18-7 के स्कोर से जीत दर्ज की। पंजाब पैट्रियट्स के साकेत मायनेनी और एलिना अवनेस्यान ने मिक्स्ड डबल्स श्रेणी में जीवन नेदुनचेजियान और जेनेप सोनमेज के खिलाफ कड़े मुकाबले में 13-12 से जीत हासिल की। ??पुरुष युगल श्रेणी में एक और करीबी मुकाबले में, साकेत मायनेनी और मुकुंद शशिकुमार ने जीवन नेदुनचेजियान और करण सिंह का सामना किया। यश मुंबई ईगल्स की जोड़ी ने 13-12 से गेम जीतकर 55-45 के स्कोर के साथ मैच अपने नाम कर लिया। दिन के अंतिम मैच में, बेंगलुरु एसजी पाइपर्स और चेन्नई स्मैशर्स ने मुख्य भूमिका निभाई। चेन्नई स्मैशर्स की कोनी पेरिन ने बेंगलुरु एसजी पाइपर्स की गैब्रिएला नटसन के खिलाफ महिला एकल गेम 13-12 के स्कोर के साथ जीता। पुरुष एकल में भी यह एक और करीबी मुकाबला था, जहाँ ह्यूगो गैस्टन ने बर्नबे जापाटा के खिलाफ 13-12 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। चेन्नई स्मैशर्स ने अपना दबदबा जारी रखा, क्योंकि कोनी पेरिन और ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली की जोड़ी ने अनिरुद्ध चंद्रशेखर और गैब्रिएला नटसन के खिलाफ 17-8 से जीत हासिल की।

?? दिन के अंतिम गेम में, बेंगलुरु एसजी पाइपर्स ने पुरुष युगल वर्ग में जीत हासिल की। ??अनिरुद्ध चंद्रशेखर और बर्नबे जापाटा ने ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली और ह्यूगो गैस्टन के खिलाफ 14-11 से जीत हासिल की। ??हालाँकि, चेन्नई स्मैशर्स ने फिर भी 54-46 के स्कोर के साथ मैच जीत लिया। पहले दिन के रोमांचक मुकाबले के बाद, हैदराबाद स्ट्राइकर्स और राजस्थान रेंजर्स 57-57 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। यश मुंबई ईगल्स 55 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि चेन्नई स्मैशर्स 54 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। उनके बाद बेंगलुरु एसजी पाइपर्स और पंजाब पैट्रियट्स 45 अंकों के साथ बराबरी पर हैं। लीग स्टैंडिंग को पूरा करने के लिए, बंगाल विजाड्र्स और गुजरात पैंथर्स 43-43 अंकों के साथ थे।

## नॉर्वे शतरंज 2025 टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए तैयार अर्जुन एरिगैसी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद क्लासिकल शतरंज रेटिंग में 2800-एलो बाधा पार करने वाले दूसरे भारतीय बने अर्जुन एरिगैसी, नॉर्वे शतरंज 2025 टूर्नामेंट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। 2024 यूरोपीय शतरंज क्लब कप में टीम अल्कलॉइड का प्रतिनिधित्व करने वाले अर्जुन ने पांचवें दौर में सफेद मोहरों से रूस के दिमित्री आंद्रेइकिन को हराकर 2800-एलो मील का पत्थर हासिल किया। दिसंबर 2024 की फीडे रेटिंग सूची में उनकी रेटिंग 2801 है और वर्तमान में वे दुनिया में चौथे स्थान पर हैं। अपनी शैली और विकास पर अर्जुन ने एक बयान में कहा, ₹मैं अति-महत्वाकांक्षा और वस्तुनिष्ठता की कमी के कारण खेल हार जाता था, लेकिन अब मैं अपनी महत्वाकांक्षा को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाने का प्रयास करता हूँ। नॉर्वे शतरंज 2025 टूर्नामेंट 26 मई से 6 जून तक एक विशिष्ट 6-खिलाड़ी डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप के साथ होगा। टूर्नामेंट के लिए उत्सुकता बढ़ने के साथ, अर्जुन ने इस आयोजन के अभिनव प्रारूप के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ₹नॉर्वे शतरंज के बारे में बहुत सारी रोमांचक चीजें हैं, लेकिन मेरे लिए, मैं कहूंगा कि समय नियंत्रण और आर्मगेडन प्रारूप मेरे लिए सबसे अलग हैं।

# मुख्यमंत्री से वरीय आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की



**मेट्रो रेज**

**झारखण्ड** के नये मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखण्ड के वरीय आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें शुभकामना दी। उनके मुख्यमंत्री बनने पर उन्हें बुके भेंट कर बधाई भी दिया। आज मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2003 बैच के आईपीएस अधिकारी एवं आईजी दक्षिण छोटानागपुर अखिलेश कुमार झा, वन विभाग के सचिव अबु बक्कर सिद्दकी, बोकारो के डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा, हजारीबाग के डीआईजी सुनील भास्कर, धनबाद के उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा शामिल थीं। सभी आईएएस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के कांके रोड स्थित आवास पर जाकर उनसे औपचारिक मुलाकात की और उन्हें शुभकामना भी दिया।



## मुख्यमंत्री से वरीय आईएएस अधिकारी डॉ मनीष रंजन ने शिष्टाचार मुलाकात की



**मेट्रो रेज**

**झारखण्ड** के नये मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखण्ड के वरीय आईएएस अधिकारी डॉ0 मनीष रंजन ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें शुभकामना दी। उनके मुख्यमंत्री बनने पर उन्हें बुके भेंट कर बधाई भी दिया। डॉ0 मनीष रंजन भारतीय प्रशासनिक सेवा 2002 बैच के आईएएस अधिकारी हैं तथा कई जिलों के उपायुक्त रहने के साथ-साथ झारखण्ड के कई महत्वपूर्ण विभागों के सचिव भी रहे हैं। इनके बेहतर और उत्कृष्ठ कार्यों के फलस्वरूप पेयजल स्वच्छता विभाग में इनके सचिव रहते इनके द्वारा किये गये बेहतर कार्य के फलस्वरूप झारखण्ड राज्य की दिल्ली में काफी साख और विभाग के कार्यों के फलस्वरूप सम्मानित भी हुए। झारखण्ड राज्य के विकास और बेहतरी हेतु निरंतर जुटे रहने वाले डॉ0 मनीष रंजन के कार्यों को हमेशा सराहा जाता है।



## मुख्यमंत्री से हजारीबाग की उपायुक्त नैन्सी सहाय ने मुलाकात की

**झारखण्ड** के नये मुख्यमंत्री के पद के रूप में पदभार ग्रहण करने वाले हेमन्त सोरेन से आज भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच की अधिकारी एवं हजारीबाग की उपायुक्त नैन्सी सहाय आज मुख्यमंत्री के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास कार्यालय में मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें बधाई दिया। गौरतलब हो कि हेमन्त सोरेन के दोबारा मुख्यमंत्री बनने तथा 28 नवम्बर को शपथ ग्रहण किया था। इसके बाद से लोग आईएएस व आईपीएस अधिकारी उनसे मिलकर उन्हें शुभकामना दे रहे हैं और मुख्यमंत्री भी इन आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ राज्य हित में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री से डीआईजी एवं एसएसपी ने शिष्टाचार मुलाकात

**भारतीय** पुलिस सेवा के वरीय अधिकारी एवं 2006 बैच के आईपीएस तथा दक्षिण छोटानागपुर प्रक्षेत्र राँची के डीआईजी अनुप बिरथरे आज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात किया और उन्हें शुभकामना दी। गौरतलब हो कि श्री बिरथरे झारखण्ड के ऐसे वरीय आईएएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं जिनकी उपलब्धि और कामयाबी सशक्त पहचान है। वहीं भारतीय पुलिस सेवा 2013 बैच के अधिकारी एवं पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल भी मुख्यमंत्री के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास कार्यालय में मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें शुभकामना दिया। विदित हो कि जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक के नाम यह कीर्तिमान है कि वे धनबाद, राँची और जमशेदपुर झारखण्ड के तीनों जिला में सृजित वरीय पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापित रह चुके हैं।

## हनुमान मंदिर में मंदिर के पूजारी विश्वनाथ पाठक ने किया मंगल पाठ और विशेष पूजा अर्चना



**मेट्रो रेज**

**चक्रधरपुर :** मंगलवार को स्थानीय बाटा रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मंदिर के पूजारी विश्वनाथ पाठक ने मंगलपाठ करने के साथ-साथ विशेष पूजा अर्चना भी की। मंगलवार के दिन मंदिर प्रांगण में विशेष सजावट काफी अलौकिक भी रही। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मंदिर के पूजारी श्री पाठक ने बताया कि ठंड को देखते हुए श्रद्धा स्वरूप संकट मोचन बजरंग बली को स्वेटर भी पहनाया गया है तथा राम, लक्ष्मण और माता सीता की भी भव्य सजावट की गयी है। यूँ तो प्रतिदिन इस मंदिर प्रांगण में भक्तजनों और श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ती है किन्तु मुख्य रूप से मंगलवार और शनिवार को भक्तजनों और श्रद्धालुओं की भीड़ काफी रहती है। शहर के हृदय स्थली माने जाने वाले बाटा रोड स्थित इस प्राचीन हनुमान मंदिर में लोगों की प्रारंभ से ही आस्था और श्रद्धा बनी हुयी है और इसी के फलस्वरूप मंगलवार को विशेष पूजा अर्चना के दिन यहां भक्तजनों की भीड़ लगती है। गौरतलब हो कि विश्वनाथ पाठक की पूजा अर्चना की शैली काफी सराही जाती है और उनके पूजा अर्चना भी देखने योग्य होता है।

## विनीत सरायवाला ने दिव्यांगता को पछाड़ते हुए रचा इतिहास

### इस कार्य से भारतवासी को है गौरव और एहसास



**बिनय मिश्रा**

**मेहनत** लगन और लक्ष्य निर्धारित हो तो जीवन में असंभव कुछ भी नहीं इसे जमशेदपुर निवासी कैलाश सरायवाला एवं श्रीमती मीना सरायवाला के सुपुत्र विनीत सरायवाला ने दिव्यांगता को पछाड़ते हुए ऐसे कार्य कर पुरे देश का नाम गौरवान्वित किया और इसी के परिणाम स्वरूप आज इन्हें महामहिम राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू के द्वारा सम्मानित किया गया। यह गौरव के पल झारखण्डवासियों के साथ-साथ जमशेदपुर और चक्रधरपुरवासियों के लिए भी उपलब्धि और गौरव की बात है। विनीत सरायवाला ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए देश की सबसे बड़ी आजीविका पंच एटी पीकल एडवांटेज के संस्थापक भी हैं और इन्होंने दिव्यांग व्यक्तियों को जीवन शैली बदलने के साथ-साथ उन्हें पूर्ण आश्रित होकर जीविकापार्जन का सशक्त माध्यम भी बनाया। यह निश्चित तौर पर पुरे देश के लिए और झारखण्ड राज्य के लिए गौरव की बात है। आज दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति महोदया के द्वारा विनीत सरायवाला को जब सम्मानित किया तो यह निश्चित तौर पर देश और राज्य के लिए गौरव की बात रही। इस उपलब्धि पर विनीत सरायवाला के माता पिता काफी हर्षित हैं और इसे एतिहासिक क्षण और उपलब्धी बताया। वहीं चक्रधरपुर भगेरिया फाउण्डेशन के बिनोद भगेरिया, मनोज भगेरिया, प्रमोद भगेरिया और पुरे परिजन ने भी विनीत सरायवाला के इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनका भगिना दिव्यांग होने के पश्चात भी उसकी दृढ़ इच्छा शक्ति, आत्म लगन और परिश्रम से प्रारंभ से ही यह प्रतित होता था कि विनीत अपने जीवन में बहुत कुछ और बेहतर करेगा और आज उसने यही साबित भी कर दिया कि उसके कार्य के फलस्रूवरूप महामहिम ने विनीत को सम्मानित किया जो निश्चित तौर पर उपलब्धि और गौरव की बात है।



## हिंदू संगठनों का रणधीर वर्मा चौक पर प्रदर्शन, बांग्लादेश के खिलाफ की नारेबाजी

**धनबाद :** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ झारखंड सहित देशभर में हिंदू संगठन विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। धनबाद में हिंदू संगठन भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सड़क पर उतरे आये हैं। बुधवार को सभी हिंदू संगठनों ने धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर एकजुट होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उनके हाथों में भगवा झंडा था। प्रदर्शनकारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद रणधीर वर्मा चौक से पदयात्रा भी निकाली गयी।झारखंडी पर्यटन स्थल

**तख्ता पलट के बाद अल्पसंख्यकों हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार बढ़ा :** गौरतलब है कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार की बेदखली के बाद अल्पसंख्यकों खासतौर पर हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार बढ़ गया है। इतना ही नहीं वहां मंदिरों को भी निशाना बनाया जा रहा है। हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ वहां मौजूद हिंदू संगठन लगातार आवाज उठा रहे हैं। सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास ने भी हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर 25 अक्टूबर को चटगांव के लालदिघी मैदान में एक विशाल रैली की। जिसके बाद राजद्रोह के आरोप में उनको गिरफ्तार कर लिया गया। बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हुई हिंसा को लेकर हिंदू समुदाय में खासी नाराजगी और आक्रोश है। सैकड़ों की संख्या में लोग बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और कत्लेआम के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं।

## कुमारधुबी में सब्जी विक्रेता के घर 70 हजार नकद सहित हजारों की संपत्ति चोरी

**धनबाद :** धनबाद जिले के कुमारधुबी के पंचमोहली साव मोहल्ला में चोरों ने सब्जी विक्रेता बैजू साव के घर सोमवार को दिनदहाड़े 70 हजार रुपए नकद सहित हजारों रुपए की संपत्ति की चोरी कर ली। चोर दीवार फांदकर परिसर में घुसे व घर का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया। घर में रखे बक्से को आंगन में निकाला उसमें रखे नकद रुपए, जेवरात व अन्य सामान लेकर भाग निकले। घटना सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे के बीच की बताई जाती है।

## कुम्हार समाज ने गोमिया के नए विधायक को दी जीत की बधाई

**बोकारो :** झारखंड प्रजापति महासंघ की कसमार व पेटरवार प्रखंड समिति प्रतिनिधियों मंगलवार को गोमिया के नवनिर्वाचित विधायक योगेन्द्र प्रसाद मुलाकात की। गुलदस्ता भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के लिए बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को समाज की समस्याओं से अवगत कराया और राज्य के कुम्हारों के हित में माटी कला बोर्ड के गठन व कसमार प्रखंड में प्रजापति भवन निर्माण कराने का आग्रह किया। योगेन्द्र प्रसाद ने मांगों की पूर्ति के लिए सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड प्रजापति महासंघ के कसमार प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार प्रजापति, पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार, मंजुरा ग्राम कमेटी अध्यक्ष प्रकाश प्रजापति, जानकी महतो व अन्य लोग शामिल थे।




## एटीएम कार्ड हुआ था गम किंतु जब मिला तो हर्षित हुआ मन

**चक्रधरपुर** पोस्ट ऑफिस रोड निवासी चिराग जायसवाल का एटीएम कार्ड आज दोपहर 3 बजे चक्रधरपुर मुख्य मार्ग साईं फर्नीचर के समीप मिला जिसके फलस्वरूप बीएम न्यूज के ब्यूरो चीफ ने आज शाम देर रात्रि बेला में उक्त एटीएम कार्ड को चिराग जायसवाल को सौपा जिसके फलस्वरूप चिराग ने इस कार्य के लिए धन्यवाद अर्पित किया। इस अवसर पर बीएम न्यूज के संपादक बिनय मिश्रा भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मानुषमुड़िया मध्य विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

**जमशेदपुर :** बहरागोड़ा के मानुषमुड़िया मध्य विद्यालय में मंगलवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया राम मुर्मू ने किया। उन्होंने कहा कि यदि माता-पिता कम उम्र में बेटियों की शादी करते हैं, तो उन पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। ऐसे में माता-पिता को बेटियों को बोझ न समझकर कम उम्र में उनकी शादी करने बचना चाहिए। क्योंकि कम उम्र में शादी से बेटियों को कई तरह की परेशानी होती है। कम उम्र में बच्चा पैदा होने से ऐसे बच्चे कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। माता भी कमजोर हो जाती है।

### सांसद ढुल्लू महतो ने संसद में उठाई रेल सेवा की मांग, कहा

# धनबादवासियों को पांच शहरों के लिए मिले ट्रेन

**धनबाद:** सांसद ढुल्लू महतो ने संसद में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से कई महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं। सांसद ने विशेष रूप से चार प्रमुख मार्गों पर रेल सेवाओं की शुरूआत की मांग की। साथ ही क्षेत्र में रेल सेवाओं को बेहतर बनाने की भी बात रखी। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि धनबाद के नागरिकों को बेहतर यात्री रेल सुविधाएं उपलब्ध करायी जानी चाहिए।

ढुल्लू महतो ने कहा कि वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए धनबाद से वैष्णो देवी के लिए



एक सीधी रेल सेवा शुरू की जानी चाहिए, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में सुविधा मिले और उन्हें लंबी दूरी की यात्रा से बचने का अवसर मिले। वहीं, इलाज के लिए जाने वाले मरीजों के लिए भी धनबाद से वैल्लोर तक रेल सेवा शुरू करने की मांग की, जिससे मरीजों को इलाज के लिए वैल्लोर जाने में कोई परेशानी न हो सकें।

**धनबाद से बैंगलोर और हैदराबाद :** इसके अलावा ढुल्लू महतो ने छात्रों और कामकाज के लोगों का भी ध्यान रखा। उन्होंने धनबाद से बैंगलोर और हैदराबाद के लिए रेल सेवा की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा कि धनबाद से कई संख्या में लोग पढ़ने या नौकरी करने जाते है। ज्यादातर हैदराबाद शहर में लोग मजदूरी करने जाते हैं। जिसके चलते बैंगलोर और हैदराबाद के लिए सीधा रेल सेवा शुरू करें, लोग इन प्रमुख शहरों तक आसानी से यात्रा कर सकें।

**धनबाद से राजधानी के लिए रेल सेवा :** सांसद ने दिल्ली के लिए भी एक रेल सेवा शुरू करने का आग्रह किया है। ढुल्लू महतो ने कहा कि धनबाद और आसपास के क्षेत्र के लोग सीधे देश की राजधानी से जुड़ सकें और उनके कामकाजी जीवन में सुगमता आए, इसके लिए रेल सेवा शुरू होनी चाहिए। सांसद ने यह भी बताया कि झारखंड राज्य से सबसे अधिक रेलवे का राजस्व धनबाद से प्राप्त होता है, क्योंकि यहां से सैंकड़ों मालगाड़ी ट्रेनें रोजाना निकलती हैं। हालांकि, सवारी रेल सेवाएं बहुत कम हैं, जिससे आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने उम्मीद जताई कि रेल मंत्रालय इन मांगों पर गंभीरता से विचार करेगा और क्षेत्र के लोगों को बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध करायी जाएगी। यह कदम न केवल धनबाद क्षेत्र बल्कि पूरे झारखंड राज्य के नागरिकों के लिए लाभकारी होगा।